# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024


शासन ने जारी किया आदेश कालेज संचालकों को मिली राहत

# 4700 से ज्यादा खाली सीटों को भरने का फंडा...सौ अंक की परीक्षा में पांच नंबर लाने वाले को भी मिलेगा नर्सिंग में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

व्यापमं की सौ अंकों की प्रवेश परीक्षा में महज पांच नंबर लाने वाली अभ्यर्थी भी नर्स बन सकेंगी। निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी नर्सिंग की खाली 4775 सीटों को ध्यान में रखते हुए शासन ने छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 की कंडिका क्रमांक 16, 17 में उल्लेखित अधिकार के तहत आदेश जारी कर दिया है। भारतीय नर्सिंग काउंसिल ने करीब पांच साल पहले नर्सिंग कालेजों में एडमिशन के लिए न्यूनतम अंक का नियम बनाया था। जिस साल से नियम बना है, उसी साल से पात्र विद्यार्थियों का टोटा होने के तर्क के आधार पर अंतिम दिनों में ▸▸ शेष पेज 4 पर



नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए शासन की हरी झंडी का इंतजार

### जहां परीक्षा वहीं मूल्यांकन पर उठे सवाल

बीएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग की वार्षिक परीक्षा और मूल्यांकन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई वर्ष 2023-2024 की परीक्षा के लिए प्रदेश में बनाए गए परीक्षा केंद्र में आठों शासकीय नर्सिंग कालेज शामिल थे। यहां पढ़ने वाली करीब चार सौ छात्राओं ने अपने कालेज में ही परीक्षा दिलाई। नियम के मुताबिक जांच के लिए उत्तर पुस्तिका दूसरे जिले अथवा अन्य कालेज भेजे जाने थे। विवि प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर उत्तर पुस्तिका की जांच उसी कालेज में कराने की व्यवस्था कर दी ,जहां परीक्षा हुई थी। हालांकि विवि प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ऐसा पिछले साल भी किया गया था।

### केवल तीन दिन बाकी

*इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा पिछले महीने जारी आदेश के अनुसार प्रवेश की अंतिम तारीख को 30 नवंबर तक बढ़ाई गई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पुनः नया ऑनलाइन आवेदन के लिए 28 और 29 नवंबर का वक्त दिया गया है। 29 को मेरिट लिस्ट जारी कर 30 नवंबर को प्रवेश की प्रक्रिया संस्था स्तर पर पूरी की जाएगी।*

### क्वालिटी सुधारने का था उद्देश्य

*बीएससी नर्सिंग के प्रवेश नियम में वर्ष 2019 में जब संशोधन कर न्यूनतम पचास फीसदी अंक का प्रावधान किया गया तब नर्सिंग पढ़ाई की क्वालिटी सुधारने का तर्क दिया गया था। उस दौरान नियम का काफी विरोध हुआ था तब जिम्मेदारों ने कहा था नर्सिंग की पढ़ाई मानव स्वास्थ्य से सीधा जुड़ा हुआ विषय है। जिस तरह चिकित्सा के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है उसी तरह नर्सिंग की पढ़ाई के लिए भी कुछ सीमाएं तय होनी चाहिए। परीक्षा में मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश देने नियम को लागू तो किया गया मगर इसका पालन उसी साल ही नहीं हो पाया और आईएनसी को ही नियम संशोधित कर कालेजों की सीट भरने के लिए सहमति देनी पड़ गई थी।*

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति सड़क मार्ग से पहुंची उधगमंडलम




**उधगमंडलम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तमिलनाडु के अपने चार दिवसीय दौरे के तहत विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मंगलवार को नीलगिरी जिले के उधगमंडलम पहुंचीं। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति को कोयंबटूर से हेलीकॉप्टर के जरिये यहां पहुंचना था लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ी।

### क्वालिटी लिमि. के पूर्व निदेशकों के यहां छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'क्वालिटी लिमिटेड' के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर तलाशी ली।

### टिहरी में नरभक्षी तेंदुए को वन विभाग ने मारा



**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में भिलंगना वन रेंज में लंबे समय से आतंक का पर्याय बने नरभक्षी तेंदुए को वन विभाग की टीम ने मार दिया है। इससे वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और जनता सभी ने राहत की सांस ली है। टिहरी के वन प्रभागीय अधिकारी पुनीत तोमर ने बताया कि तेंदुए को मंगलवार रात करीब 10 बजे भौड़ गांव के पास वन विभाग के शिकारियों ने अपनी गोली का निशाना बनाया।

### इनामी माओवादी कमांडर अंदरूनी कलह में मारा गया



**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आंतरिक झगड़े में एक 'कमांडर' मारा गया जिसके सिर पर 15 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि पलामू डिवीजन के 'जोनल कमांडर' छोटू खेरवार की मंगलवार रात चिपदोहर थाना क्षेत्र के भीमपाल जंगल में अन्य माओवादियों ने कथित तौर पर हत्या कर दी।

## देवेन्द्र फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना तय, शिंदे को मिलेगी अहम जिम्मेदारी

# महाराष्ट्र में सरकार का रास्ता साफ, शिंदे ने छोड़ा दावा, बोले- मोदी-शाह का हर फैसला स्वीकार

*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा। सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। शिंदे के इस बयान के बाद देवेन्द्र फडणवीस का सीएम बनना लगभग तय माना जा रहा है। इसके साथ ही शिंदे को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में महायुति की जीत के बाद सभी की नजर मुख्यमंत्री पद पर है। महायुति ने अभी तक सीएम फेस का ऐलान नहीं किया गया है। चुनावी नतीजों के 3 दिन बाद भी महाराष्ट्र के अगले सीएम पर सस्पेंस बरकरार है। इसी बीच राज्य के पूर्व सीएम और महायुति के बड़े चेहरे कहे जाने वाले एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। यही वजह है कि महाराष्ट्र आज तेजी से विकास कर रहा है।



### पीएम मोदी से किया वादा

सीएम पद पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे फोन किया था। मैंने पीएम मोदी जी को साफ कहा कि हमारे बीच कोई भी अड़चन नहीं है और न ही हमारे बीच कोई बात फंसी हुई है। आप मन में किसी भी तरह की चिंता ना लाएं। हम सब एनडीए का हिस्सा हैं।

### केंद्र सरकार ने दिया साथ

एकनाथ शिंदे ने आगे कहा कि मैंने लोकप्रिय होने के लिए काम नहीं किया। मैंने जनता के लिए काम किया है। केंद्र सरकार चट्टान की तरह हमारे पीछे खड़ी थी। केंद्र सरकार के पास हम जितने भी प्रस्ताव लेकर उन्होंने हमारे सारे प्रस्ताव मानें।

### मोदी-शाह ने शिवसैनिक को सीएम बनाया

एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया। शाह और मोदी ने बालासाहेब ठाकरे के एक आम शिवसैनिक को सीएम बनाने के सपने को पूरा किया है। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मुझे मुख्यमंत्री बनाया और बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं रोने वालों और लड़ने वालों में से नहीं हूं।

### महाराष्ट्र में होगा भाजपा का सीएम बनेंगे दो डिप्टी सीएम!

*एकनाथ शिंदे का सीएम पद से दावा छोड़ने के बाद साफ हो गया है कि महाराष्ट्र में भाजपा का ही मुख्यमंत्री बनेगा। अब भाजपा देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाएगी या किसी और चेहरे को सामने लाकर सबको चौकाएगी, ये जल्द ही सामने आ जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य में मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर दो डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि शिंदे को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।*

# तबादले के 7 दिन बाद ज्वाईनिंग नहीं दी तो सस्पेंड, ब्रेक इन सर्विस

- *सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश*
- *तबादले के बाद छुट्टी ली तो मेडिकल बोर्ड जाना होगा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के शासकीय सेवकों का अगर तबादला होता है, तो उन्हें 7 दिनों के भीतर स्थानांतरण आदेश का पालन करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो शासकीय सेवक के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। अगर गैर हाजिर रहे, तो कर्मी के विरुद्ध ब्रेक इन सर्विस की कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं, तबादला आदेश जारी होने के 10 दिनों बाद शासकीय सेवक को एकपक्षीय भारमुक्त कर दिया जाएगा।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी भारसाधक सचिवों को आदेश जारी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### नई पोस्टिंग स्थल से ही वेतन

*सरकार ने ये भी कहा है कि स्थानांतरित किए गए शासकीय सेवक का अवकाश नई पदस्थापना वाले कार्यालय से ही स्वीकृत किया जाएगा। अनुसूचित क्षेत्रों के शासकीय सेवक का गैर अनुसूचित क्षेत्र में स्थानांतरण करने के प्रस्ताव हैं तो उसके एवजीदार का भी प्रस्ताव( जो गैर अनुसूचित क्षेत्र से ही हो) अनिवार्यतः रखा जाए। शहरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र रिक्तियों का जो असंतुलन है उसे संतुलित करने का विशेष ध्यान रखने भी कहा गया है। यदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के* ▸▸ शेष पेज 4 पर

## बलौदाबाजार कांड

कोर्ट में चालान पेश, 9 दिसंबर को होगी सुनवाई पुलिस ने लिखा- विधायक देवेंद्र ने उकसाया

# 185 आरोपी, 90 से ज्यादा गवाह मड़वा सम्मेलन में बना था प्लान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान दशहरा मैदान बलौदाबाजार से रैली निकालने और आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। मामले में 185 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हैं। पुलिस ने अपने पेश चालान में कहा है कि अन्य आरोपियों के बयान और मिले अन्य साक्ष्यों के मुताबिक घटना दिनांक 10 जून 2024 को देवेंद्र यादव प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे। वे बिन बुलाए आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने मंच में पहुंचने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्हें समाज के लोगों ने मंच में बैठने की अनुमति नहीं ▸▸ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### 2 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को नुकसान

चालान में पुलिस ने कोर्ट को अवगत कराया है कि प्रशासन ने तय नियमों के अनुरूप केवल प्रदर्शन की अनुमति 10 जून को दशहरा मैदान बलौदाबाजार में दी थी। रैली की अनुमति नहीं थी, इसके बाद भी रैली निकाली गई। 15-16 मई की रात महकोनी गिरौदपुरी गिधौरी में जैतखाम को नुकसान पहुंचाने के विरोध में यह प्रदर्शन प्रस्तावित था। सीबीआई जांच के नाम पर प्रदर्शन की अनुमति ली गई थी। प्रदर्शन के दौरान भीड़ आक्रोशित हुई और रैली की शक्ल में नगर की ओर निकल पड़ी। इस दौरान 134 बाइक, 29 चार पहिया और 1 फायर ब्रिगेड में तोड़फोड़ की गई।

### पुलिस कह रही-23 मई को मड़वा में लिखी गई घटनाक्रम की पटकथा

पुलिस ने पेश चालान में कहा कि इस मामले में किशोर नवरंगे, दिनेश चतुर्वेदी, राजकुमार सतनामी अहम भूमिका में रहे। सभी सतनामी समाज के सदस्य हैं। जैतखाम घटना को लेकर अत्याचार के रूप में प्रसारित किया जा रहा था। 23 मई को मड़वा सम्मेलन में आंदोलन पर चर्चा की गई। 10 जून को हुई सभा में मोहन बंजारे, नितेश उर्फ निक्कू टंडन उकसाने का प्रयास किया। किशोर नवरंगे के साथ दीपक धृतलहरे, भुनेश्वर डहरिया, सुशील बंजारे, देवेंद्र पात्रे, मनीष धृतलहरे, संदीप कोशले, गोपी बंदे ने आंदोलन के लिए लोगों को एकजुट किया। ▸▸ शेष पेज 4 पर






## डोपिंग टेस्ट के लिए सैंपल देने से इनकार करने की सजा

# पहलवान बजरंग पूनिया चित, 4 साल का बैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने कड़ा एक्शन लिया है। 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम चयन ट्रायल के दौरान डोपिंग टेस्ट के लिए सैंपल देने से इनकार करने के लिए बजरंग पर चार साल का बैन लगाया गया है। यह फैसला तब आया जब नाडा ने पहले 23 अप्रैल को बजरंग पूनिया को इसी अपराध के लिए निलंबित कर दिया था, जिसके बाद कुश्ती की वर्ल्ड लेवल की संस्था यूडब्लूडब्लू ने भी उन्हें बाद में निलंबित कर दिया था।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने लिया कड़ा एक्शन



*नाडा ने पहले 23 अप्रैल को इसी अपराध के लिए निलंबित कर दिया था*

### भाजपा में शामिल होता तो हट जाते आरोप

बजरंग ने पत्रकारों से कहा, 'यह चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि ट्रायल का यह मामला पिछले एक साल से चल रहा है। मैंने पहले भी कहा है कि मैंने नाडा को नमूना देने से इनकार नहीं किया है। जब वे डोप जांच के लिए मेरे घर आए थे तो वे एक 'एक्सपायरी किट' लेकर आए थे। मैं पिछले 10-12 साल से प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और मैंने सभी टूर्नामेंटों ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इधर, बुमराह के लिए खुशखबरी, बन गए वर्ल्ड नंबर-1 और यशस्वी नंबर-2





**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने गए हैं। वहीं बल्लेबाजी में भारतीय स्टार यशस्वी जायसवाल पहली बार दूसरे नंबर पर विराजमान हो गए हैं। बुमराह ने पर्थ में 72 रन देकर आठ विकेट झटके जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से रौंदकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। अब वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रैंकिंग अंक ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जायसवाल के 825 अंक

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 161 रन की शानदार पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 825 अंक की मदद से बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट (903 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचे।

28112024-Cit-02_Layout 1 11/28/2024 12:29 AM Page 1



# प्रयागराज महाकुंभ... जमीन से 18 फीट ऊपर टेंट सिटी, 4,000 हेक्टेयर में आयोजन

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

*प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार महाकुंभ में कई नई चीजें होंगी, जो इसे पहले से अधिक आधुनिक, स्वच्छ और प्रौद्योगिकी-समृद्ध बनाएंगी। जैसे इस महाकुंभ में जमीन से 18 फीट ऊपर टेंट सिटी निर्मित की जाएगी, जहाँ से महाकुंभ का विहंगम दृश्य देखने को मिलेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार पहली बार मेला क्षेत्र में ऑल टेरेन व्हीकल तैनात करेगी। तत्काल आग पर काबू पाने में सक्षम यह वाहन रेत, दलदल और कम पानी में भी चल सकेंगे।*

## दुनिया का सबसे बड़ा 'धार्मिक मेला' शुरू होने वाला जनवरी में, इस बार के कुंभ में होंगी कई चीजें नई

### थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरिशस में रोड शो

महाकुंभ को विश्वव्यापी आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए विश्व भर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरिशस समेत विभिन्न देशों में रोड शो के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा महाकुंभ का प्रचार प्रसार किया जाएगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2025 का महाकुंभ 'डिजिटल कुंभ' के रूप में जाना जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाएगा। इसके तहत वर्चुअल गाइडेंस, डिजिटल मैप्स और मोबाइल ऐप के जरिए आयोजन स्थल की जानकारी दी जाएगी। सरकार की योजना है कि श्रद्धालु महाकुंभ की पवित्रता और प्राचीनता का अनुभव करते हुए आधुनिक तकनीक का भी लाभ उठा सकें।



### इस बार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

2019 के कुंभ में जहां 23-24 करोड़ श्रद्धालु आए थे, वहीं इस बार 35 से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इतने बड़े आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।

*क्षेत्रफल और सुविधाओं का विस्तार : इस बार महाकुंभ का क्षेत्रफल बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर कर दिया गया है, जो 2019 के कुंभ के 3200 हेक्टेयर क्षेत्रफल से कहीं अधिक है। इस विशाल क्षेत्र को 25 सेक्टर में विभाजित किया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए संगम तट के पास 1850 हेक्टेयर से अधिक में पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं को त्रिवेणी के पवित्र जल की सुविधा रेलवे स्टेशन और बस स्टेशनों पर बोतल बंद और कलश में उपलब्ध कराई जाएगी।*

*स्वच्छता और शौचालय निर्माण : मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ श्रद्धालुओं को सुविधाजनक अनुभव प्रदान करना है। 2019 के कुंभ ने स्वच्छता के मानकों को बढ़ाया था, और इस बार यह आयोजन नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।*

### 13 जनवरी से शुरू होगा महाकुंभ 2025

जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब महाकुंभ मेला का प्रारंभ होता है। इस साल प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। बता दें कि महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने से पुण्यकारी फलों की प्राप्ति होती है। महाकुंभ समाप्त 26 फरवरी 2025 को होगा।

## दुनिया भर के नेताओं ने किया इस कदम का स्वागत

# इजराइल-हिजबुल्लाह में संघर्ष विराम

**हिज्बुल्ला डालेगा हथियार, 60 दिनों में लेबनान से होगी इजरायली सेना की वापसी**

**नेतन्याहू ने चेताया, समझौते के उल्लंघन पर खत्म हो जाएगा सीजफायर**

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल और लेबनान के बीच बुधवार से संघर्ष विराम समझौता लागू हुआ है। इस संघर्ष विराम समझौते को दुनिया भर के नेताओं ने स्वागत किया है। इजराइली सेना और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम बुधवार सुबह 4 बजे से लागू हुआ। इस समझौते के अनुसार, इजराइल को अगले 60 दिनों में लेबनान से अपनी सेना वापस लेनी होगी।

अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता के कारण संघर्ष विराम समझौता संभव हुआ है। वहीं, इसे इजराइल के कैबिनेट द्वारा बीते दिन 10-1 वोटों से मंजूरी दे दी गई। इस सीजफायर को लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि संघर्ष विराम की अवधि इस बात पर निर्भर करती है, कि लेबनान में क्या होता है।


हम समझौते लागू करेंगे और किसी भी उल्लंघन का जोरदार जवाब देंगे। नेतन्याहू ने कहा है कि हम सभी जीत होने तक एकजुट ही रहेंगे।



### ये हैं समझौते की शर्तें

अमेरिका-फ्रांस की मध्यस्थता में हुए समझौते को मंगलवार को इजराइल ने मंजूरी दे दी। संघर्ष विराम समझौते के तहत प्रारंभिक दो महीने तक युद्ध रोकने की बात कही गई है। समझौते के अनुसार, हिज्बुल्ला को दक्षिणी लेबनान में हथियार डालने होंगे, जबकि इजराइली सैनिकों को सीमा पर अपने क्षेत्र में लौटना होगा। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में लेबनान के हजारों अतिरिक्त सैनिक और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक तैनात किए जाएंगे जबकि अमेरिका की अगुवाई वाली एक अंतरराष्ट्रीय समिति संघर्ष विराम समझौते के अनुपालन की निगरानी करेगी। इजराइल का कहना है कि अगर हिज्बुल्ला समझौते की शर्तों का उल्लंघन करता है तो वह उस पर हमला करने का अधिकार रखता है। यह संघर्ष विराम समझौता गाजा में लागू नहीं हुआ है, जहां हमास अब भी कई लोगों को बंदी बनाए हुए हैं।

### घर वापस लौटने लगे लेबनानवासी



इजराइली और लेबनानी सेना की चेतावनी के बावजूद क्षेत्र के लोग अपने सामान के साथ दक्षिणी लेबनान की ओर कार से वापस लौट रहे हैं।

इजराइल और लेबनान की सेना ने क्षेत्र के निवासियों को अभी दक्षिणी लेबनान के कुछ क्षेत्रों में नहीं लौटने की चेतावनी दी थी। अगर यह संघर्ष विराम कायम रहा तो इससे इजराइल एवं हिज्बुल्ला के बीच 14 महीने से जारी लड़ाई समाप्त हो जाएगी। लड़ाई के कारण विस्थापित हुए 12 लाख लेबनानी लोगों और लेबनान की सीमा पर अपने घरों से पलायन करने वाले हजारों इजराइलियों को यह संघर्ष विराम राहत दे सकता है।

### अमेरिका फ्रांस ने निभाई युद्धविराम में अहम भूमिका

बता दें कि लेबनान और इजरायल के बीच सीजफायर में अहम भूमिका अमेरिका और फ्रांस ने निभाई है। इसको लेकर जो बाइडेन ने इस शांति समझौते को अंजाम तक पहुंचाने में मदद के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को भी धन्यवाद कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने संघर्ष विराम की घोषणा की और कहा कि यह लेबनान के लिए एक नई शुरुआत है। इजराइल लेबनानी संघर्ष विराम समझौते पर चीन, ब्रिटेन, जर्मन और फ्रांस के नेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी है। संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए, चीन ने कहा, 'हम तनाव को कम करने और शांति प्राप्त करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं।' भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इजरायल और लेबनान में हिज्बुल्लाह के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने हमेशा तनाव कम करने,संयम बरतने और बातचीत तथा कूटनीति के रास्ते पर वापस लौटने का आह्वान किया है।

# पत्थरबाजों के पोस्टर जारी, महिलाओं और तीन नाबालिगों सहित 27 पकड़ाए



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी के संभल जिले में 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुए बवाल मामले में योगी सरकार बड़े एक्शन की तैयारी में है। पत्थरबाजों और उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और इनके पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए जाएंगे।

**संभल, यूपी के जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुआ था बवाल**

इसके साथ ही पुलिस ने 3 नाबालिग, चार महिलाओं सहित 27 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष की तलाश जारी है। सरकार ने कहा कि नुकसान की वसूली दंगाईयों से की जा सकती है। जरूरी हुआ तो उपद्रवियों पर इनाम भी घोषित किया जायेगा। उपद्रवियों और अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और पोस्टर लगाने का अध्यादेश पहले ही जारी किया जा चुका है।

### अवैध हथियार भी मिल रहे

मुरादाबाद कमिश्नर अनंजय कुमार सिंह ने संभल घटना पर प्रशासन की जांच पर बताया, कल तक घटना में 3 नाबालिगों व चार महिलाओं का नाम सामने आया है। नाबालिगों के साथ हम काउंसलिंग की चीजें ही कर रहे हैं। इसके अलावा अभी तक 27 लोगों की गिरफ़्तारी हुई है। हमें अवैध हथियार मिल रहे हैं।

### अभी भी प्रशासनिक सख्ती जारी

संभल में फिलहाल अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं। प्रशासन ने इंटरनेट पर लगी रोक को 29 नवंबर की शाम 4 बजे तक के लिए बढ़ा दिया है। संभल शहर काजी ने जुमे की नमाज के लिए लोगों से जामा मस्जिद न आने की अपील की है। हिंसा को देखते हुए खुले में पेट्रोल बेचने पर पाबंदी लगा दी गई है। प्रशासन ने 1 दिसंबर तक बाहरी व्यक्तियों के आने पर रोक लगा दी है।

### बावलियों से की जाएगी नुकसान की भरपाई

जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर प्रकरण को लेकर हुए बवाल के बाद जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान डीएम और एसपी ने आरोपों का जवाब देने के साथ भ्रामक बातों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों ने सरकारी और गैर सरकारी वाहनों के साथ ही अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उनसे वसूली की जाएगी।

### उपद्रवियों ने ईंट-डंडों से तोड़े थे कैमरे

संभल हिंसा मामले में एक और तथ्य सामने आया। पुलिस द्वारा कराई गई ड्रोन से वीडियोग्राफी के बचे सीसीटीवी कैमरों में दिखा कि कुछ युवक सीसीटीवी कैमरे की ओर इशारा करते हैं और कुछ ही देर में उसको ईंट मार कर तोड़ देते हैं। इसके अलावा एक व्यक्ति डंडे से दूसरे सीसीटीवी को तोड़ता दिख रहा है।

# इमरान की पार्टी ने प्रदर्शन किया खत्म गृहमंत्री बोले- गिरफ्तारी के डर से भागे

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपना विरोध-प्रदर्शन खत्म कर दिया है। पाकिस्तानी वेबसाइट द डॉन के मुताबिक पार्टी ने बुधवार सुबह इसका ऐलान किया। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान की सलाह पर आगे कोई फैसला किया जाएगा। पीटीआई ने एक प्रेस रिलीज में कहा है, 'सरकार क्रूरता से निहत्थे नागरिकों की हत्या के लिए तैयार है। इस्लामाबाद को कत्लगाह बनने से रोकने के लिए वे अपने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को अस्थायी तौर पर स्थगित कर रहे हैं।' इमरान की पत्नी बुशरा बीबी और खैबर पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंडापुर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक गंडापुर ने मंगलवार देर रात प्रदर्शनकारियों को घर चले जाने को कहा था।

**पाक में फैली है अराजकता**



*24 को शुरू हुआ था प्रदर्शन : पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई को लेकर 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। 3 दिनों में हुए विरोध प्रदर्शन में कम से कम 7 लोगों की जान चली गई। इनमें 4 प्रदर्शनकारी और 3 पुलिसकर्मी शामिल हैं। सुरक्षाकर्मियों ने 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया है।*

### दावा- संसद पर हमले की थी योजना

मंत्री तरार बोले- संसद भवन पर हमला करने की योजना थी डॉन ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि गंडापुर और बुशरा बीबी इसके बाद विरोध प्रदर्शन से चले गए और उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने दावा किया कि दोनों खैबर पख्तूनख्वा वापस लौट गए हैं। तरार ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने संसद पर भी हमला करने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि इसी वजह से भागते वक्त उन्होंने कंटेनर में आग लगा दी।

## फिर आ रहा एक तूफान, कई राज्यों में बारिश और तबाही की आशंका

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर चक्रवाती तूफान का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि 85 किमी प्रति घंटे की स्पीड से तूफान फेंगल दस्तक देने के लिए आ रहा है, जिससे कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होगी और जमकर तबाही भी मच सकती है। इसे लेकर भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। फिलहाल ये श्रीलंका के तट से आगे बढ़ रहा है और अगले दो दिनों में यह तमिलनाडु के तट की ओर बढ़ेगा। आईएमडी अमरावती के वैज्ञानिक सागिली करुणासागर ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में मंगलवार को एक गहरा दबाव बना हुआ था। पिछले 6 घंटों में यह 10 किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है, जो अगले 6 घंटे में यह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और फिर चक्रवात बन जाएगा।

# बृजमोहन की दो टूक: 33 हजार शिक्षकों की नियुक्ति अटकी वित्त विभाग में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के शिक्षामंत्री से इस्तीफा देकर वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल सांसद बनकर लोकसभा में पहुंचे तो उनके विधायी अनुभवों का ही कमाल है कि पहले ही सत्र से उन्होंने छत्तीसगढ़ से संबंधित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के समक्ष संसद में सवालों की झड़ी लगा दी। एक के बाद एक कई मंत्रालयों के लिखित जवाब संसदीय पटल पर रखे जा रहे हैं। उन्हीं में से एक सवाल का जवाब बृजमोहन अग्रवाल ने सूबे के युवाओं को जानकारी देने बुधवार को ट्वीट कर दिया तो युवा ट्वीटर पर 33 हजार शिक्षक भर्ती के संबंध में सवाल करने लगे। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के एक वर्ग ने रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सोशल मीडिया के माध्यम से सीधा सवाल चस्पा किया,



आपने विधानसभा में शिक्षामंत्री रहते हुए 33 हजार शिक्षकों की बहाली की घोषणा की थी, वो कब होगा? युवाओं के सवाल हरिभूमि ने भी बृजमोहन अग्रवाल से किया। उन्होंने बेलाग कहा, युवाओं का सवाल जायज है। मैंने 33 हजार शिक्षकों की घोषणा की थी। राज्य में कुल 76 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। सभी पद शिक्षा विभाग से अनुशंसित हैं। जाहिर है इसके लिए अलग से बजटीय प्रावधान की जरूरत नहीं। फिर कुछ वित्तीय प्रावधानों की वजह से वित्त विभाग में फाइल अटकी हुई है।

### राज्यमंत्री चौधरी ने दिया जवाब

लोकसभा में अग्रवाल ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री से छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की रफ्तार और राज्य को जारी की गई फंड की जानकारी मांगी थी। राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने उनके सवालों का लिखित जवाब देते हुए तफ्सील से बताया कि छत्तीसगढ़ में 2015-16 से 2023-24 तक तकरीबन 4.25 लाख युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान स्कीम, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन स्कीम, शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम जैसी योजनाओं से प्रशिक्षित कर रोजगारपरक बनाने का काम किया।

## राम जन्मभूमि पर पूरा फैसला अब हिंदी में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को 75वें संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट के राम जन्म भूमि फैसले का हिंदी संस्करण जारी किया है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने राम जन्मभूमि पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस फैसले का हिंदी संस्करण कानून एवं न्याय मंत्रालय के अंतर्गत विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा किया गया है। इस मौके पर सरकार ने भारतीय संविधान पर एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम की भी घोषणा की है। राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हिंदी में अनुवाद कानूनी साहित्य को अधिक आसान, समावेशी और समझने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने लगाया बड़ा आरोप

# 'सोनिया के घर से आया था फोन, सुनंदा मामले में दी धमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में गांधी परिवार और कांग्रेस नेता शशि थरूर पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। इंटरव्यू में उन्होंने शशि थरूर की पत्नी सुनंदा पुष्कर को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है।

उन्होंने बताया कि कोच्चि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मामले में उन्हें कई बार धमकाया गया और दबाव बनाया गया। ललित मोदी ने खुलासा किया कि शशि थरूर की पत्नी सुनंदा पुष्कर को टीम में 25% हिस्सेदारी दी गई, जबकि उनका इस फ्रेंचाइजी से कोई सीधा संबंध नहीं था। फेमस यूट्यूबर राज शमानी के पॉडकास्ट में ललित मोदी ने कहा, 'मुझे कोच्चि टीम के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। सुनंदा पुष्कर का टीम से कोई संबंध नहीं था, फिर भी उन्हें 25% हिस्सेदारी दी गई। मैं इस पर साइन करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं था। बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष को सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ से धमकी भरे कॉल आए थे।' मोदी ने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने इस डील पर सवाल उठाया और सिग्नेचर करने से मना किया, तो उन्हें कांग्रेस नेता शशि थरूर ने धमकाया। ललित मोदी ने बताया कि शशि थरूर ने फोन पर कहा, 'अगर तुमने साइन नहीं किया तो ईडी रेड, इनकम टैक्स की जांच और जेल भेजने की कार्रवाई होगी।'

### बीसीसीआई चीफ शशांक मनोहर का भी दबाव

ललित मोदी ने बताया कि इस मामले में बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष शशांक मनोहर ने भी उन पर दबाव बनाया। मोदी ने इंटरव्यू में कहा कि जब उन्होंने भारी दबाव के बाद दस्तावेजों पर साइन कर दिए, तो अगली सुबह उन्होंने अखबारों में देखा कि शशि थरूर और सुनंदा पुष्कर शादी करने वाले हैं। मोदी ने कहा, 'यह खबर मेरे लिए चौंकाने वाली थी। मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि सुनंदा पुष्कर और शशि थरूर के बीच ऐसा रिश्ता है।'



### भाजपा ने घेरा, इधर, गांधी परिवार से नहीं आई प्रतिक्रिया

इस इंटरव्यू के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए गांधी परिवार और शशि थरूर से जवाब मांगा है। भाजपा नेताओं ने पूछा कि क्या सच में सोनिया गांधी के घर से धमकी भरे कॉल किए गए थे और सुनंदा पुष्कर को क्यों बिना किसी निवेश के 25% हिस्सेदारी दी गई? वहीं, शशि थरूर या गांधी परिवार की तरफ से अभी तक इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ललित मोदी के इन खुलासों ने आईपीएल से जुड़े विवादों को फिर से सुर्खियों में ला दिया है।



28112024-Cit-03_Layout 1 28-11-24 01:05 AM Page 1

रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024 | अगहन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 23, अंक : 132 | पृष्ठ : 14+4 +4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### मार्कफेड ने कही ये बात

मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि एमएसपी पर धान खरीदी केवल किसानों से की जाती है, यह केंद्र सरकार का नियम है, यही नियम राज्य में भी लागू है। अगर किसी ट्रस्ट की जमीन यदि किसी किसान के अधिया रेगहा में दी जाती है तो उसका पंजीयन संबंधित किसान के नाम पर होता है, उससे धान खरीदी का प्रावधान है। किसी भी ट्रस्ट का धान एमएसपी पर नहीं खरीदा जाता है।

### ट्रस्ट की जमीन पर अधिया रेगहा का धान खरीदते हैं


फाइल फोटो

# सैकड़ों ट्रस्टों की हजारों एकड़ खेती का फिर फंसा पेंच, धान खरीदी नहीं, सरकार के द्वार पहुंचे संचालक

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर धार्मिक ट्रस्ट, शैक्षणिक और चेरिटेबल ट्रस्टों की ओर से उनकी जमीनों पर लगा धान खरीदी का मामला फंस गया है। हालांकि ये पहला साल नहीं है, अब से करीब आठ साल पहले से ट्रस्टों द्वारा उगाया धान नहीं खरीदा जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर सरकार का रुख साफ है। सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि धान खरीदी के नियम में व्यक्ति विशेष से खरीदी का केंद्र सरकार का आदेश है, यही आदेश राज्य सरकार ने भी लागू कर रखा है। इसके बावजूद ट्रस्ट की ओर से खरीदी की मांग की जा रही है।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में सैकड़ो की संख्या में ऐसे धार्मिक, शैक्षणिक और टेरिटेबल ट्रस्ट हैं जिनके पास हजारो एकड़ जमीन है। इन जमीनों पर ट्रस्ट द्वारा धान उगाया जाता है, लेकिन इस धान की खरीदी सरकार नहीं करती है। वर्ष 2016 में तत्कालीन रमन सरकार के समय से केंद्र के नियम के हवाले से ट्रस्टों से धान खरीदना प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पूरे पांच साल यही नियम लागू रहा है। अब मौजूदा राज्य सरकार के समय में एक बार फिर ट्रस्टों की ओर से मांग आ रही है कि उनका उगाया धान सरकार खरीदे।

**आठ साल पहले रमन सरकार में बंद हुई थी खरीदी, पिछली कांग्रेस सरकार ने भी ट्रस्टों का धान नहीं खरीदा**


फाइल फोटो

### महंत रामसुंदर दास ने कहा बरसों से है मांग

रायपुर में दूधाधारी मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख महंत डॉ. रामसुंदर दास का कहना है कि हम लोग ट्रस्ट का धान खरीदने की मांग 2016 से कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए कोई भी राज्य सरकार तैयार नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जब भी बात करते हैं तो सरकार के अधिकारियों का तर्क होता है कि धान खरीदी किसी संस्था के लिए है व्यक्ति के लिए नहीं।

*इस पूरे मामले को लेकर यह तथ्य भी सामने है कि ट्रस्ट की जमीन पर उगा धान भी सरकार खरीदती है लेकिन उसकी तरीका अलग है। यह ऐसे कि अगर किसी ट्रस्ट ने अपनी जमीन का एक हिस्सा किसी व्यक्ति को अधिया या रेगहा पर दिया जाता है तो धान उगाने वाले व्यक्ति का पंजीयन किया जाता है। इस किसान से उसका धान खरीदा जाता है, लेकिन उसे केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि यानी मोटे धान का 2300 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाता है। ऐसे किसानों को धान की पूरी कीमत 3100 रुपए क्विंटल नहीं दी जाती है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 3

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम भ्रष्टाचार के मामले में बरी



**ढाका।** बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। इस मामले में निचली अदालत ने उन्हें सात साल के कारवास की सजा सुनाई थी। जिया को जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में ढाका की एक अदालत ने दोषी करार दिया था।

### यूपी में सड़क दुर्घटना में चार चिकित्सकों की मौत

**कन्नौज।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में सैफई में स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से जुड़े चार चिकित्सकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि घटना देर रात करीब तीन बजे हुई जब एसयूवी चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया और वह डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद वाहन सड़क के दूसरी ओर जा गिरा, जिसके बाद एक ट्रक उससे टकरा गया। चार चिकित्सकों और एक लैब तकनीशियन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### गैंगस्टर टापा के आवास पर एनआईए की छापेमारी




**जींद।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद शातिर अपराधी नीरज बवाना गिरोह के सदस्य दिनेश उर्फ टापा के जींद जिले में स्थित आवास पर एनआईए की टीम ने छापेमारी की। थाना प्रभारी मनीष ने एनआईए टीम के रामबीर कॉलोनी स्थित दिनेश के घर पहुंचने की पुष्टि करते हुए बताया कि एनआईए की टीम दिनेश की मां का फोन, मकान की रजिस्ट्री, बैंक खातों की प्रति अपने साथ लेकर गई है।

अदाणी मामले में जेपीसी गठन की मांग, कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा

# संसद में संग्राम, राहुल बोले-जिन्हें जेल में होना चाहिए, उनको बचा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज >> नई दिल्ली

*लोकसभा सत्र की कार्रवाई के दूसरे दिन भी अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी पर अमेरिका में लगे रिश्वतखोरी के आरोपों और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी भी की। इसके चलते पहले तो 12 बजे तक लोकसभा की कार्यवाही स्थगित की गई, लेकिन बाद में हंगामा जारी रहने पर उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। इधर, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अदाणी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि उन्हें तो जेल में होना चाहिए मगर सरकार बचा रही है।*

संसद में अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को कार्यवाही बाधित रही तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी।

लोकसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह प्रारंभ होने के साथ ही कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठाने का प्रयास करने लगे, वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा की घटना को उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। इस बीच, कांग्रेस और सपा के कई सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।

## विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के कारण नहीं हो पाया कामकाज

### अदाणी को क्यों नहीं कर रहे गिरफ्तार : राहुल



राहुल ने संसद परिसर में मीडिया से कहा, क्या आपको लगता है कि अदाणी आरोपों को स्वीकार करने जा रहे हैं? जाहिर है, वे आरोपों से इनकार करने जा रहे हैं। मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सैकड़ों लोगों को छोटे-छोटे आरोपों में गिरफ्तार किया जा रहा है। राहुल ने मामले में आगे कहा, सज्जन पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप है। उन्हें तो जेल में होना चाहिए, लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है।



### अदाणी समूह पर क्या हैं आरोप?

अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने अडाणी समूह पर अमेरिका की बिजली वितरण कंपनियों के साथ सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये रिश्वत देने का आरोप लगाया है।

### भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं : अदाणी ग्रुप

अपने ऊपर लग रहे आरोपों पर अडाणी ग्रुप ने साफ किया है कि चेयरमैन गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं। अडाणी ग्रुप के मुताबिक, कई मीडिया हाउस में चल रही खबरें 'गलत' हैं। कंपनी के अनुसार अमेरिकी न्याय मंत्रालय के अभियोग या अमेरिकी एसईसी की दीवानी शिकायत में किसी भी उल्लंघन का आरोप नहीं लगाया गया है।

### राज्यसभा में भी हंगामा कार्रवाई स्थगित

उधर, राज्यसभा में सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि उन्हें अदाणी, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और दिल्ली में अपराध के बढ़ते मामलों पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत कुल 18 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। इसके तत्काल बाद कांग्रेस सहित विपक्ष के अन्य सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। इससे पहले कि हंगामा और तेज होता, धनखड़ ने सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### वक्फ बिल पर जेपीसी सदस्यों ने मांगा और समय

वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के 29 नवंबर को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है, लेकिन यह तभी संभव है जब वह मानसून सत्र में दी गई समय सीमा का पालन करती है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने पैनल को अपनी रिपोर्ट देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू का कहना है कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर चर्चा कार्य मंत्रणा समिति में होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री की बड़ी पहल

# एनआरडीए, एफएसएल विद्युत निरीक्षक कार्यालय में भर्ती का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर एनआरडीए, एफएसएल और विद्युत निरीक्षक कार्यालय में कुल 151 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा अब तक 8971 पदों पर भर्ती को मंजूरी मिलने के बाद विभिन्न 19 विभागों ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है।



वित्त विभाग की ओर बुधवार को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में 96 पद, विद्युत निरीक्षक कार्यालय में 27, न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में वैज्ञानिक अधिकारी के 28 रिक्त पदों पर भर्ती को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्रई के निर्देश पर वित्त विभाग की इस मंजूरी >> शेष पेज 4 पर

### इन पदों को मंजूरी

एनआरडीए में प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), प्रबंधक (जनसंपर्क) 1-1 पद, सहायक अभियंता (सिविल) 8, सहायक अभियंता (विद्युत), सहायक अभियंता (यांत्रिकी) तथा सहायक अभियंता (आईटी/कम्प्यूटर साइंस) के 1-1 पद, सहायक योजनाकार/वास्तु कार के 4, सहायक प्रोग्रामर 3, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के 2, उप अभियंता (सिविल/लो.स्वा.या) के 21, उप अभियंता >> शेष पेज 4 पर

### शिवप्रकाश को मप्र, छग, आंध्र व तेलंगाना की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के संगठन चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी द्वारा शिवप्रकाश को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल और विनोद तावड़े को बिहार और यूपी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

# 29 घंटे के बाद ओपन की गई डाउन लाइन, पहले चलाई गई मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज >> बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

खोंगसरा से भनवारटंक के बीच गिरे कोयला लोडेड मालगाड़ी के 22 वैगन को हटाने का काम रात भर किया गया। इस दौरान दूसरे दिन यानि 29 घंटे की मशक्कत के बाद बुधवार की शाम 4 बजकर 15 मिनट पर डाउन लाइन को फिट करने के बाद पहली ट्रेन मालगाड़ी को चलाकर किया गया। वहीं देर रात तक अप लाइन को भी व्यवस्थित करने का काम किया जा रहा है, जिसकी देर रात होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार की सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर >> शेष पेज 4 पर


बेपटरी हुए कोयला लोड मालगाड़ी के 22 वैगन, 6 ट्रेनें कैंसिल, कुछ के रूट बदले

### एक लाइन से हुआ ट्रेन परिचालन

एक साथ मालगाड़ी के 22 वैगन गिरने के कारण रेल प्रशासन को लाइन व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ गई। शाम 4 बजकर 15 मिनट पर डाउन लाइन को फीट घोषित करने के बाद मालगाड़ियों के साथ अप और डाउन लाइन की यात्री ट्रेनों को एक ही लाइन से एक-एक कर रवाना किया गया।

एसीबी ने किया गिरफ्तार

# 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया पटवारी

हरिभूमि न्यूज >> राजपुर



बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने फौती, नामांतरण के नाम पर ग्रामीण से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पटवारी को पकड़ा है। पकड़ा गया पटवारी अपने घर के बगल में ही कार्यालय का संचालन कर रहा था। हैरानी की बात तो यह है कि गिरफ्तार आरोपी पटवारी संघ का ब्लॉक अध्यक्ष है और उसके पास राजस्व निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी है। पुलिस ने आरोपी पटवारी को गिरफ्तार करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के पतरापारा नरवापारा निवासी >> शेष पेज 4 पर

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सामने जमकर विवाद जिला प्रभारी हरितवाल से भिड़े कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज >> बिलासपुर

कांग्रेस भवन में नगरीय निकाय चुनाव तैयारी के संबंध में बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के सामने कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय सहित कई स्थानीय नेताओं ने जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल को जमकर खरी-खोटी सुनाई। मामला गाली गलौज से शुरू होकर झूमाझटकी तक पहुंच गया, जिससे वहां माहौल काफी गरमाया रहा। कांग्रेसियों को लड़ते देख प्रदेश अध्यक्ष अपनी गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। >> शेष पेज 4 पर



### टिकट वितरण में नहीं होगा भेदभाव : प्रदेशाध्यक्ष

नगरीय निकाय चुनाव तैयारी के संबंध में बैठक लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा आगामी दोनों चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ अपने-अपने वार्डों में जुड़ जाएं। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण बिना भेदभाव का होगा और आपका विरोधी है और चुनाव जीतने की स्थिति में है तो उन्हें टिकट दिया जाएगा। आज मजबूत होंगे >> शेष पेज 4 पर

सरकार ने बनाया ग्रामीण पेयजल संचालन नियम

# गांवों के नल अब पंचायतों के हवाले, कनेक्शन पर देना होगा 60 रुपए महीना, पानी की बर्बादी पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सभी गांवों में लगे सरकारी नल अब ग्राम पंचायतों के हवाले होंगे। गांवों में नल के कनेक्शन पर हर महीने 60 रुपए शुल्क देना होगा। यही नहीं, अगर किसी ने पीने के पानी दुरुपयोग किया, तो उसका कनेक्शन कटेगा, साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा। राज्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए नियम बना लिए हैं। इन नियमों पर सात दिनों के अंदर दावा आपत्ति >> शेष पेज 4 पर

## नलों में पंप भी नहीं लगा सकते, पकड़े गए तो जब्ती

### 60 रुपए महीना, एक साल बाद 25 प्रतिशत रेट बढ़ेगा

गांवों में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था लागू होने के बाद घरेलू कनेक्शन के लिए घरेलू हाउस होल्ड कनेक्शन या शासकीय संस्थाओं को भी 60 रुपए महीना जल प्रभार देना होगा। यह नहीं अगर गांव में किसी के घर शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रम के लिए टैंकर लगता है तो उसके लिए एक हजार रुपए टैंकर देना होगा। ग्राम पंचायतें सालभर बाद जल प्रभार में संशोधन कर इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं। नए घरेलू कनेक्शन के लिए 120 रुपए देने होंगे।



### पानी के दुरुपयोग पर जुर्माना और शास्ति

इस नियम में यह प्रावधान है कि अगर कोई उपभोक्ता पीने के पानी का दुरुपयोग करता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा। यही नहीं, उसका कनेक्शन भी काटा जाएगा। यही नहीं, गांव की जानकारी में जिस दिन ये बात आएगी कि उपभोक्ता ने बूस्टर पंप से पानी खींचा और >> शेष पेज 4 पर

### गांवों में बनेगी समिति

ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के संचालन के लिए प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति ग्राम पंचायत की स्थायी समिति के अंतर्गत गठित सामान्य प्रशासन समिति होगी जो अपने दायित्वों के साथ साथ जल जीवन मिशन, अन्य शासकीय योजना या शासकीय मदों से बने एवं हस्तांतरित स्थानीय निकायों के, स्वयं के राजस्व से निर्मित परिसंपत्तियां एवं उनके द्वारा प्रदाय किए जा रहे ग्रामीण पेयजल योजना के संचालन एवं संधारण का काम करेंगी। यही समिति नलों के पानी के दुरुपयोग और पंप लगाने वालों पर भी नजर रखेगी।



28112024-Cit-08_Layout 1 11/28/2024 12:26 AM Page 1



## चिंतन

# संघर्ष विराम से पश्चिम एशिया में 'शांति' संभव

लेबनान के चरमपंथी गुट हिज्बुल्लाह के साथ जारी संघर्ष को विराम देने के समझौते पर इजराइल का सहमत होना संकेत है कि पश्चिम एशिया में शांति की राह खुल सकती है। फिलिस्तीन के गाजा पट्टी में आधिपत्य वाले आतंकी गुट हमास के हमले के बाद इजराइल की जवाबी प्रतिक्रिया में शुरू जंग को लेकर इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की आतंकी गुटों के खिलाफ आक्रामकता को देखते हुए उम्मीद नहीं थी कि इजराइल किसी संघर्ष विराम पर पहुंचेगा। अमेरिकी मध्यस्थता व फ्रांस की अहम भूमिका के बाद इजराइल व हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ है, जिससे दोनों के बीच लगभग 13 महीने की लड़ाई समाप्त हो जाएगी। यह संघर्ष विराम सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले से उत्पन्न क्षेत्रव्यापी अशांति को समाप्त करने की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा, लेकिन इसका गाजा में विनाशकारी संघर्ष से संबंध नहीं है, जहां हमास अब भी कई लोगों को बंदी बनाए हुए है। अमेरिका ने इसका स्वागत किया है। इजराइली पीएम नेतन्याहू का मानना है कि इस संघर्ष विराम से हमास अलग-थलग पड़ जाएगा, जिसके बाद इजराइल ईरान पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। हालांकि अमेरिका लगभग एक वर्ष से अधिक समय से पीएम नेतन्याहू को मनाने की कोशिश कर रहा था कि इजराइल संघर्ष रोक दे। पिछले महीनों जब संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अपना संबोधन दे रहे थे, तब आतंकवादी गुटों के खात्मे को लेकर उनकी आक्रामकता व प्रतिबद्धता साफ दिख रही थी। इजराइल ईरान समर्थित तीन आतंकी गुटों हमास, हिज्बुल्लाह व हूती की जंगी गतिविधियों से लंबे अर्से से परेशान रहा है, इसलिए जब हमास ने इजराइल के बेकसूर नागरिकों को निशाना बना कर हमला किया तो इजराइली पीएम ने आतंकी गुटों के सफाये का आक्रामक अभियान चलाया। हमास के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, उसके बाद लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमला कर उसकी कमर तोड़ी। इजराइली हमले में हिज्बुल्लाह के सभी शीर्ष कमांडर मारे गए। इसके बाद ईरान भी कूदा और इजराइल के साथ उसके संबंध भी तल्ख हुए। ईरान के सक्रिय होने के बाद आशंका जताई जाने लगी कि पश्चिम एशिया में इजराइल व ईरान के बीच जंग शुरू हो जाएगी। इससे पश्चिम एशिया व अरब क्षेत्र की स्थिति बिगड़ने के हालात पैदा हो सकते थे, लेकिन अमेरिका के प्रयास से इजराइल व हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम से जहां पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध की संभावना टल गई है, वहीं दूसरे युद्ध के खत्म होने के आसार भी बढ़ गए हैं। भारत ने इजराइल और लेबनान के हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया है। भारत ने उम्मीद जताई है कि इन घटनाक्रमों से प्रभावित क्षेत्र में 'शांति और स्थिरता' आएगी। इजराइल के जंग में शामिल होने के दरम्यान भारत ने हमेशा तनाव कम करने, संयम बरतने और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। पश्चिम एशिया में तनाव के लंबा चलने से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती थी। हिज्बुल्लाह के कमजोर होने के बाद लेबनान सरकार के लिए भी अपने देश के सभी क्षेत्रों को आधिपत्य में लेने का यह एक मौका होगा। यह समझौता लगभग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 जैसा है, जिससे 2006 में इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्ध का अंत हुआ था। प्रस्ताव 1701 में था कि लिटानी नदी के दक्षिणी इलाक़े में लेबनानी सैनिकों और यूएन के शांति सैनिकों के अलावा कोई और दूसरा हथियारबंद समूह नहीं रह सकता है।

# कांग्रेस चाहे तो रोक सकती है ईवीएम



**दो टूक**
पंकज झा

मात्र ढाई वर्ष के लिए मुख्यमंत्री चुने गए भूपेश बघेल भी 'कांग्रेस जनित' काम पर जुट गए थे, ईवीएम की भर्त्सना करते हुए। एक बार तो नए मुख्यमंत्री ने यह हास्यास्पद बयान तक दे दिया था कि जान-बूझ कर तीनों राज्यों में कांग्रेस को जिता दिया गया है, ताकि आगे ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सके। कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे करने की जगह अपनी हठधर्मिता पर कायम रही थी। ईवीएम का विरोध करना उसका एजेंडा जैसा हो गया था। आज भी जब झारखंड में कांग्रेस को सरकार बनाने का अवसर मिला है, तब भी वह अपने ईवीएम विरोधी रुख पर कायम ही है। वास्तव में अगर कांग्रेस मतपत्रों से चुनाव कराने की पक्षधर होती, तो देशभर में यह करा लेना उसके 'बाएं हाथ' का खेल होता।

दिनांक 3 दिसंबर 2018 की वो बड़ी ही सर्द शाम थी। कांग्रेस के लिए शायद अब ऐसी खुशनुमा गरमाहट लिए ऐसी शाम आना संभव नहीं दिखता। भारत के तीन बड़े और महत्वपूर्ण राज्यों का चुनाव परिणाम आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से उसे लगभग आधे भारत का जनादेश मिल गया था। कोरोना की तीसरी लहर की तरह उसे आप कांग्रेस की अंतिम लहर कह सकते हैं, जब तीनों राज्यों में कांग्रेस की जीत हुई थी। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा का सफाया जैसा ही हो गया था। लगातार 15 वर्ष से चली आ रही भाजपा की सत्ता राजस्थान और अविभाजित मध्यप्रदेश से भी समाप्त हो गई थी। परिणाम स्वयं कांग्रेस के लिए भी अप्रत्याशित ही था। विशेषकर तब जब छह महीने बाद ही लोकसभा का भी चुनाव होना हो, तब भाजपा के लिए वह परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर भी कितना निराशाजनक रहा होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है।

भाजपा ने हमेशा की तरह जनादेश को स्वीकार किया। कोई बहानेबाज़ी नहीं। किसी तरह का कोई भी ईवीएम दोष नहीं। कहा कि कमियां रही होंगी। उसे दूर करने की पूरी कोशिश होगी। अत्यधिक विनम्रता से उसे स्वीकार कर अगले दिन से ही काम पर लग गई भाजपा। खूब बारिश हुई थी अगले दिन। जाड़े की बारिश हाड़ कंपकंपा रही थी, उधर पार्टी में समीक्षा का दौर शुरू हो गया था। तीन-चार दिन बाद ही पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा राज्यसभा में मत देने के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन शुरू कर दिया था। उससे संबंधित प्रेस वार्ता लेने पहुंचे कार्यवाहक हो चुके मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को इस पंक्ति के लेखक ने कहा भी कि जीती हुई पार्टी अभी तक मुख्यमंत्री भी नहीं चुन सकी है और आप विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका में सक्रिय हो गए। हमेशा की तरह मुस्कान के साथ वे भी जुट गए थे और भाजपा भी। आगे की कहानी इतनी पुरानी भी नहीं है कि उसे दुहराया जाय। पांच वर्ष लड़ी भाजपा। तीनों राज्यों में फिर से जनादेश मिला। विष्णुदेव साय के रूप में छत्तीसगढ़ को लोकप्रिय, पहला आदिवासी मुख्यमंत्री मिला।

बहरहाल। इसके उलट कड़ी सौदेबाजी के बाद मात्र ढाई वर्ष के लिए मुख्यमंत्री चुने गए भूपेश बघेल भी 'कांग्रेस जनित' काम पर जुट गए थे, ईवीएम की भर्त्सना करते हुए। एक बार तो नए मुख्यमंत्री ने यह हास्यास्पद बयान तक दे दिया था कि जान-बूझ कर तीनों राज्यों में कांग्रेस को जिता दिया गया है, ताकि आगे ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सके। कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे करने की जगह अपनी हठधर्मिता पर कायम रही थी। ईवीएम का विरोध करना उसका एजेंडा जैसा हो गया था। आज भी जब झारखंड में एक जूनियर दल के रूप में ही सही, कांग्रेस को सरकार बनाने का अवसर मिला है, तब भी वह अपने गठबंधन के साथ अपने ईवीएम विरोधी रुख पर कायम ही है। वास्तव में अगर कांग्रेस मतपत्रों से चुनाव कराने की पक्षधर होती, तो देशभर में यह करा लेना उसके 'बाएं हाथ' का खेल होता।

वह 2018 के परिणाम को एक अवसर के रूप में उपयोग कर सकती थी। उसे करना बस यह होता कि वह एक स्टैंड लेती और कहती कि क्योंकि उसे 'इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन' पर भरोसा नहीं है, इसलिए वह तीनों जगह सरकार नहीं बनाएगी, उसके सभी नए विधायक



इस्तीफा देंगे। भले यह बात पहली नजर में अतिरेक भरा लग सकता हो लेकिन ऐसा अन्य संदर्भ में कांग्रेस एक बार कर चुकी है। सन 2004 में कांग्रेस को केंद्र में जनादेश मिला था, उस समय 'विदेशी बहू' का विषय चल रहा था। विपक्ष तो विदेशी भूमि पर पैदा हुई नेत्री का प्रधानमंत्री बनने को लेकर विरोध कर ही रहा था, यहां तक कि इसी विषय पर कांग्रेस में भी दो-फाड़ हो चुकी थी। शरद पवार, तारिक अनवर समेत अनेक नेता कांग्रेस का विभजान कर अपनी नयी पार्टी भी बना चुके थे। लेकिन सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर एक तीर से कई निशाने साध लिए थे।

विदेशी बहू का मुद्दा तो समाप्त हुआ ही, एक सिख मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाकर वे कांग्रेस पर चिपके सिख नरसंहार के दाग को भी तनिक ही सही, हल्का करने में सफल हुई थी। भले वह दांव केवल रणनीतिक रहा हो और एनएसी के अध्यक्ष के रूप में सोनिया जी अगले दस सालों तक 'सुपर पीएम' बनी रहीं, लेकिन काम तो कर ही गया था उनका वह कदम। जिसने भी ऐसी तब कांग्रेस नेतृत्व को यह सलाह दी होगी, उनके राजनीतिक समझ की दाद देनी होगी। लेकिन आज अयोग्य और संदिग्ध कम्युनिस्ट सलाहकारों से घिरी कांग्रेस ऐसे किसी कदम की सोच भी नहीं सकती। अगर कांग्रेस में तबकी तरह ही रत्ती भर भी समझ रखने वाला कोई होता, तो तीन राज्यों में जीतने के बाद सरकार बनाने से इनकार करने मात्र से कांग्रेस ईवीएम के विरुद्ध एक नैतिक शक्ति पैदा कर लेती। वह इस मुद्दे को जिस तरह आज मजाक बना दिया गया है, उससे मुक्ति पाती। लेकिन येन-केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने को अपना मक़सद बना चुकी आज की कांग्रेस से ऐसी कोई उम्मीद करना ही बेमानी है। उसके लिए ईवीएम या ऐसे तमाम विरोध महज अराजकता पैदा करने का एक उपकरण के अलावा और कुछ भी नहीं है। यह जानते हुए भी कि तेज़ी से विकसित हो रहे इस ग्लोबल तकनीकी युग में समय के पहिए को पीछे घुमाना न संभव है और न ही उचित, पर वह अपने ही विचारधारा से विलग होकर हर उस काम को करने के लिए विवश है, जिसका कभी वह वकालत करती थी। आप सर पीट लेंगे, तर्क पर तर्क देते जायेंगे लेकिन कांग्रेस के चेहरे पर हर बार विमर्श में भी पराजित होते हुए भी पार्टी के चेहरे पर आपको शिकन तक नहीं दिखेगी। वह बस लगी रहेगी, किसी छिपे एजेंडे के तहत काम करने के लिए। कांग्रेस के कुछ लोगों का तर्क है कि इन्हें चुनाव में कथित 'छोटे' राज्य दे दिये जाते हैं, जबकि बड़े राज्योंमें इन्हें हरा दिया जाता है। गोया झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ इन सभी राज्यों में जहां पिछले पांच-छह वर्ष में इन्हें जीत मिली, वे सभी राज्य इनकी नजर में महत्वहीन हों। लगभग 45 बार विभिन्न न्यायालयों में ईवीएम की प्रामाणिकता के विरुद्ध दायर वाद को रद कर चुका है। दर्जनों बार चुनाव आयोग भी इन्हें मशीन को हैक करने का अवसर दे चुकी है लेकिन हर बार इनके दावे खोखले साबित हुए हैं। बावजूद इसके फिर नए सिरे से लोकतंत्र को बदनाम करने में जुट जाना, इनकी विश्वसनीयता को बुरी तरह संदिग्ध बना रहा है। ऐसा नहीं है कि इन्हें गर्त में जा रही अपनी साख का अनुमान नहीं है। बिल्कुल है, लेकिन ये जानते हैं कि इनके पास अब कोई भी विषय ऐसे रह नहीं गए हैं, जिस पर इन्हें जनसमर्थन मिले। ऐसे में लगभाग हर मोर्चे पर पस्त-परास्त कांग्रेस देश को अस्थिर करने में लगी शक्तियों से 'हाथ' मिलाने समेत विभाजनकारी राजनीति में लगी रहती है। अगर आज भी ये सच्चे अर्थों में ईवीएम के विरुद्ध हैं, इनका इसके विरोध के पीछे कोई ऊपर वर्णित अन्य ध्येय नहीं है, तो आज भी ईवीएम के द्वारा बनी अपनी सरकारों का इस्तीफा दिलाकर कांग्रेस को एक स्टैंड लेना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष दिवस
डॉ. परदेशीराम वर्मा



# अनुपम है छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति

**नोट** :- विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है, जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश कोमलवार)
रजिस्ट्रार
शास.दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार (छ.ग.)

G-242504119/1

**मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़**
**सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर, पिन 492002**
**दूरभाष 0771-2331702, फैक्स 0771-2382422, ई-मेल jailhgr-cg@nic.in**

-::: निविदा सूचना :::-

क्रमांक 11455/स्थापना / जे. मु. / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 26.11.2024

हाऊसकीपिंग (साफ-सफाई) कार्य हेतु निविदा/ भावपत्र आमंत्रण

मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर के कार्यालय भवन की हाऊसकीपिंग (साफ-सफाई) कार्य हेतु वार्षिक अनुबंध पर ठेका दिये जाने हेतु दिनांक 16.12.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा / भावपत्र आमंत्रित किये जाते है। ऐसी इच्छुक संस्था / फर्म जिन्हें किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय /नियमित निकायों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो, निर्धारित निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते इस कार्यालय से प्राप्त कर निर्धारित धरोहर राशि के साथ आवेदन कर सकते है। निविदा प्रपत्र आवेदन पत्र हेतु रूपये 500.00 (रूपये पांच सौ) मात्र का चालान कोषालय में लेखा शीर्ष 0056 निविदा फार्म बिक्री 800 अन्य प्रतियां में जमा कर चालान की मूल प्रति मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा फार्म निविदा प्रकाशन दिनांक से 13.12.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - दिनांक 13.12.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 16.12.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 16.12.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे

निविदा प्रपत्र विक्रय का स्थान :- मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर।

उप महानिरीक्षक
हेतु महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ

G-242504104/1

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 41./न.पा.नि./ लोनिवि / 24 - 25 अम्बिकापुर दिनांक 26/11/2024

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा सेनेटरी पार्क में अटल परिसर निर्माण कार्य (राशि रूपये 35.92 लाख) हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 161906) एवं अनुभवी शिल्पकारों से भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा (2.50 मीटर ऊंची अवस्था में वजन लगभग 810.00 कि.ग्रा.) निर्माण हेतु राशि रूपये 13.50 लाख की निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य की निविदा की विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के बेइसाईट https://uad.cg.gov.in/ एवं ई - प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर
जिला - सरगुजा (छ.ग.)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

ई-टेन्डर रेफरेंस नं0-प0नि0वि0/सिमडेगा/11/2024-25 दिनांक-26.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "लचरागढ़(NH-320G पर)-इन्दटॉन्ड-कारीमाटी-खरवागढ़हा-बारीबिरिंगा-ओरगा (MDR-042 पर) पथ (कनोरवा रेलवे स्टेशन के पहुँच पथ सहित) -कुल लंबाई 15.990 कि.मी. का पुनर्निर्माण कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | रूपया 63,61,06,000.00 (तिरसठ करोड़ एकसठ लाख छः हजार) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह। |
| 4. | बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 को पूर्वाहन 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20.12.2024 को अपराहन 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा-835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358-16924 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2401010 |

नोट :-1. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-श्शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR.NO.340393 Simdega(24-25):D

**कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा), रायपुर**

क्र./स्था./पीडीएस /2024 /1792 रायपुर, दिनांक 26/11/24

**विज्ञापन**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में नवीन 59 शासकीय उचित मूल्य दुकानों आबंटन हेतु कार्यालय से जारी विज्ञापन क्रमांक/ स्था. /पीडीएस / 2024/ 1595, रायपुर, दिनांक 10.10.24 में प्रदर्शित अंतिम तिथि **दिनांक 25 अक्टूबर 2024** निर्धारित की गई है। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि में वृद्धि किया जाकर **दिनांक 10 दिसम्बर 2024** नियत की जाती है। पूर्व में जारी विज्ञापन के शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्डो में नवीन आबंटित किये जाने हेतु **59 शासकीय उचित मूल्य दुकानों** की **वार्डवार संख्या एवं नियमावली, आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट-एक)** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला रायपुर, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर, कलेक्टर (खाद्य शाखा), कमरा नंबर 18, कलेक्टोरेट परिसर, रायपुर (छ.ग.) तथा नगर पालिक निगम के समस्त जोन कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने हेतु आवेदन **विहित प्रारूप (परिशिष्ट- एक)** में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित **दिनांक 10 दिसम्बर 2024** तक रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा कलेक्टर (खाद्य शाखा), कमरा नंबर 18, कलेक्टोरेट परिसर, जी.ई. रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़), पिन कोड - 492001 में प्रेषित किया जा सकता है।

**( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

अपर कलेक्टर
जिला - रायपुर

G-242504118/2

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
website- www.tribal.cg.gov.in phone-0771-2263708 E mail ctd.cgnirman@gmail.com

क्रमांक/निर्माण/607 (II)/2024-25/9007 **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** नवा रायपुर, दिनांक 26/11/2024
website https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का नाम | लागत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | सरगुजा | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास, लुण्ड्रा (190.70), अम्बिकापुर (190.70) पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास, (टी. सी.पी.सी.) अम्बिकापुर (190.70) | 572.10 |
| 2 | बलरामपुर | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास, कुसमी (190.70), वाड्रफनगर (190.70) पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास, वाड्रफनगर (190.70) | 572.10 |
| 3 | सूरजपुर | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रा. प्रेमनगर (190.70), रामानुजनगर (190.70),ओड़गी (190.70) | 572.10 |
| 4 | रायगढ़ | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास धौराभांठा (190.70), तमनार (190.70), घरघोड़ा (190.70), लैलूंगा (190.70) | 762.80 |
| 5 | रायगढ़ | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास घटगॉव (190.70), बाकारूमा (190.70), धरमजयगढ़ (190.70) | 572.10 |
| 6 | गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास गौरेला (190.70), पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास गौरेला (190.70) | 381.40 |
| 7 | कोरिया | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कटगोढ़ी (190.70) | 190.70 |
| 8 | जशपुर | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोल्हेनझरिया (190.70), फरसाबहार (190.70), जशपुरनगर (190.70), पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास पतराटोली (190.70) | 762.80 |
| 9 | बस्तर | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बस्तर (190.70), तोकापाल (190.70), लोहण्डीगुड़ा (190.70) | 572.10 |
| 10 | कोण्डागांव | अजजा पो.मै. कन्या छात्रावास केशकाल (190.70), अजजा पो.मै. बालक छात्रावास माकड़ी (190.70) | 381.40 |
| 11 | कांकेर | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास नरहरपुर (190.70),आदिवासी बालक आश्रम नरहरपुर (162.76), किरगापाटी (162.76), चरमट्टी (162.76), मुसुरपुट्टा (162.76) | 841.74 |
| 12 | बालोद | पो.मै. अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास गुरूर (190.70) | 190.70 |
| 13 | मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास मानपुर (190.70) | 190.70 |
| 14 | कबीरधाम | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास, बोड़ला (190.70) | 190.70 |
| 15 | दंतेवाड़ा | आदिवासी पो.मै. बालक छात्रावास गीदम (190.70), कुआकोण्डा (190.70), दन्तेवाड़ा (190.70), आदिवासी नवीन पो.मै. बालक छात्रावास गीदम (190.70), आदिवासी पो.मै. कन्या छात्रावास दन्तेवाड़ा (190.70) | 953.50 |
| 16 | दंतेवाड़ा | आदिवासी बालक आश्रम बोदली (162.76), नहाड़ी (16276), बुरगुम (162.76) आदिवासी कन्या आश्रम समेली (162.76) | 651.04 |
| 17 | दंतेवाड़ा | आदिवासी बालक आश्रम पोटाली (162.76), कौरगांव (162.76), मुस्तलनार (162.76), गुमलनार (162.76) | 651.04 |
| 18 | नारायणपुर | पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास ओरछा (190.70) | 190.70 |
| 19 | सुकमा | आदिवासी पो.मै. बालक छात्रावास दोरनापाल (190.70). | 190.70 |
| 20 | बीजापुर | आदिवासी पो.मै. बालक छात्रावास उसूर (190.70), भैरमगढ़ (190.70) | 381.40 |
| 21 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम कड़ेनार (162.76), बैल (162.76), गोमटेर (162.76) | 488.28 |
| 22 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम, जारामरका (162.76), पेठा (162.76), कोमपल्ली (162.76), अन्नापुर (162.76) | 651.04 |
| 23 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम एड़ापल्ली (162.76), दुडेपल्ली (162.76), पोलेम (162.76), पीलूर (162.76), | 651.04 |
| 24 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम दारेली (162.76), कोंडापल्ली (162.76) आदिवासी कन्या आश्रम सन्ड्रा (162.76), मुजरांलकांकेर (162.76) | 651.04 |
| 25 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम वाड़ला (162.76), करकावाया (162.76), गुल्लापेन्टा (162.76), आदिवासी कन्या आश्रम ईलमिड़ी (162.76), पुसगुड़ी (162.76), | 813.80 |
| 26 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम दरभा (162.76), अंबेली (162.76), बेदरे (162.76) आदिवासी कन्या आश्रम केशकुतुल (162.76) | 651.04 |
| 27 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम मंगनार (162.76), बैंगलूर (162.76), केतुलनार (162.76) | 488.28 |
| 28 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम पदेड़ा (162.76), गोंगला (162.76) आदिवासी कन्या आश्रम भटटीगुड़ा (162.76) | 488.28 |
| 29 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम संकनपल्ली (162.76), गलगम (162.76), मारूड़बाका (162.76), धरमापुर (162.76), रासपल्ली (162.76) | 813.80 |
| 30 | बीजापुर | आदिवासी बालक आश्रम तामोडी (162.76), तोड़का (162.76), पीड़िया (162.76), पुसबाका (162.76), पुजारीकांकेर (162.76) | 813.80 |

उपरोक्त 30 निविदायें पृथक-पृथक आवेदन की जावेगी। निविदा तिथियां निम्नानुसार दर्शित की गई है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Date and time of pre-proposal conference | Date 06-12-2024 At 3:00PM at Office Of Commissioner, Scheduled Tribes And Scheduled Caste Development Department, Government Of Chhattisgarh Address : Block-D, Ground Floor, Indravati Bhawan Atal Nagar Nava Raipur. |
| Last Date And Time For Uploading Of E-Tender in E-Procurement Platform On Or Before. | Date- 13-12-2024 by 5:00 P.M. |
| Last date for submissi on of physical bid | Date- 16-12-2024 by 5:00 P.M. |
| Technical bid will Be Opened Online By The Authorized Officer on | Date- 17-12-2024 by 11:00 A.M. |
| The Price Bid will Be opened online on | Date- 19-12-2024 by 11:00 A.M. |

(टी चक्रवर्ती)
कार्यपालन अभियंता
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-242504112/12

28 nov sehat full page FINAL_Layout 1 11/28/2024 12:39 AM Page 1





एड्स एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) के कारण होती है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाते हैं। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# एड्स: सजगता से ही संभव है बचाव

**अवेयरनेस**

डॉ. गौरव जैन
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली




एड्स का वायरस हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। एचआईवी संक्रमण के बाद शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है, जिससे मामूली इंफेक्शन भी जानलेवा बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग 1.3 मिलियन लोग एचआईवी से संक्रमित हुए।

## कैसे होता है संक्रमण

आज भी जागरूकता की कमी के चलते लोगों में यह बीमारी फैल रही है। यह बीमारी मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुइयों का इस्तेमाल, संक्रमित खून चढ़ाने या एचआईवी पॉजिटिव मां से बच्चे को जन्म के दौरान या स्तनपान के जरिए फैलती है। ऐसे में एड्स को लेकर लोगों में जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है।

## एड्स के शरीर पर दुष्प्रभाव



एड्स के कारण हमारे शरीर की सुरक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। जब हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है तो शरीर हर छोटी-मोटी बीमारी से लड़ने लायक नहीं रहता। चाहे वह सामान्य सर्दी-जुकाम हो, फंगल इंफेक्शन हो, निमोनिया हो, त्वचा के रोग हों या फिर कैंसर जैसी बीमारियां हों, ये सभी हमारे शरीर के लिए घातक बन जाती हैं। यही नहीं एड्स, शारीरिक नुकसान तो पहुंचाता ही है, साथ ही यह मानसिक तौर पर और सामाजिक तौर पर भी व्यक्ति को प्रभावित करता है। आज के समय में भी इस बीमारी को समाज में कलंक के रूप में देखा जाता है और संक्रमित व्यक्ति से भेदभाव किया जाता है। समाज में उसे हीन भावना से देखा जाता है। वहीं दूसरी तरफ आर्थिक रूप से भी यह बीमारी रोगी पर बहुत बोझ डालती है क्योंकि इसमें लंबा इलाज और महंगा इलाज होता है।

## जागरूकता-सावधानी आवश्यक

आज भी लोगों में एड्स को लेकर जागरूकता की कमी है। अगर लोग पहले से ही इससे संबंधित जानकारी के साथ, इसके कारण, इसके लक्षण और बचाव के बारे में समझ लें तो इसे काफी हद तक फैलने से रोका जा सकता है। कुछ सावधानियों के बारे में यहां बता रहे हैं-

**सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं:** हमेशा सुरक्षात्मक उपायों जैसे कंडोम का उपयोग करें। यह एचआईवी और अन्य यौन संचारित रोगों से बचाने में मदद करता है।

**संक्रमित सुइयों का उपयोग ना करें:** एक बार इस्तेमाल हो चुकी सुइयों को दोबारा इस्तेमाल ना करें। खासकर दवा लेने के लिए सुई का आदान-प्रदान बिल्कुल ना करें।

**संक्रमित खून की जांच:** खून चढ़ाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि खून एचआईवी-मुक्त है।

**एचआईवी पॉजिटिव मां का इलाज:** गर्भवती महिलाओं को एचआईवी टेस्ट कराना चाहिए, ताकि समय रहते संक्रमण की रोकथाम की जा सके और बच्चे को संक्रमण से बचाया जा सके।

**युवाओं को शिक्षित करें:** स्कूल और कॉलेज स्तर पर एड्स और यौन स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी इस विषय को समझे और इसके प्रति सजग हो।

**सुरक्षित स्वास्थ्य प्रक्रियाएं:** सर्जरी या टैटू बनवाने जैसे कामों में केवल साफ-सुथरे और सुरक्षित उपकरणों का उपयोग करें।

**एचआईवी जांच कराएं:** यदि आपको संदेह हो, तो तुरंत एचआईवी टेस्ट कराएं। जल्दी पता लगने पर इसका प्रभावी इलाज संभव है।

**समाज में जागरूकता बढ़ाएं:** एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों और कलंक को दूर करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

एड्स कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी बीमारी है जिसे जागरूकता और सही जानकारी से रोका जा सकता है। अगर हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझे और सुरक्षित जीवनशैली अपनाए, तो हम इस गंभीर बीमारी के प्रसार को रोक सकते हैं। वर्ल्ड एड्स डे हमें यही संदेश देता है कि जानकारी और समझ ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

वैसे तो सर्दी के मौसम में मिड और ओल्ड एज के लोगों को बीमार होने की आशंका ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ लापरवाहियां बरतने से यंगस्टर्स भी कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। वे कौन सी कॉमन डिजीजेज हैं और उनसे बचने के लिए यंगस्टर्स क्या उपाय कर सकते हैं, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दियों की कॉमन डिजीजेज यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

**हेल्थ एडवाइस**

रेखा देशराज



वास्तव में पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि सर्दियों में युवा लोग सर्दी, जुकाम, नजला, गले की खराश, खांसी, त्वचा के रूखेपन और जोड़ों के दर्द आदि समस्याओं से, बूढ़े लोगों से ज्यादा शिकार हो रहे हैं। इसकी कई वजहें हैं। पहले इन वजहों को जानने की बजाय आइए यह जानते हैं कि सर्दियां शुरू होते ही देश के ज्यादातर हिस्सों में रहने वाले युवा इस तरह की किन सात प्रमुख सेहत संबंधी समस्याओं से दो-चार होते हैं और वे इनसे कैसे बच सकते हैं?

## इम्यूनिटी का कमजोर होना

इन दिनों ठंड के कारण युवाओं की गतिविधियों में कमी आ जाती है, साथ ही आलस के कारण उनकी एक्सरसाइज संबंधी एक्टिविटीज में भी कमी हो जाती है, जिस कारण उन्हें कमजोर इम्यूनिटी का शिकार होना पड़ता है। इससे बचने के लिए युवाओं को नियमित रूप से ठंड के मौसम में भी एक्सरसाइज करना चाहिए। शरीर को मौसम के अनुरूप न्यूट्रिशन मुहैय्या कराना चाहिए। ऐसा करने से इस समस्या से बचा जा सकता है। सिलसिलेवार ढंग से इस समस्या से बचने के लिए युवाओं को प्रोटीन, विटामिन और जिंक युक्त भोजन करना चाहिए। दिन में कम से कम एक बार गर्म सूप या तुलसी-अदरक वाली चाय पीनी चाहिए। इनके साथ ही इस मौसम में युवाओं को नियमित रूप से एक्सरसाइज करना नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि सर्दियों की शुरुआत में जितने तरह की भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आती हैं, उन सबके पीछे बड़ा कारण एक्सरसाइज ना करना ही होता है।

## सर्दी-जुकाम-गले में खराश



नवंबर के अंत और दिसंबर की शुरुआत में ठंड के बढ़ते ही वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बड़ी वजह मौसम गर्म-ठंड होने के कारण, कभी गर्म कपड़ों को पहनना और कभी बिल्कुल ना पहनना होता है। पर हां, इसकी तह में सबसे बड़ा कारण कमजोर इम्यूनिटी ही होती है। इससे बचाव का यही तरीका है कि दिन में कई बार गर्म पानी का सेवन करें। अगर गले में खराश महसूस होनी शुरू हुई है, तो तुरंत गर्म पानी से गरारे करें। थोड़ा नमक डाल लें तो यह और भी कारगर होगा। इन दिनों शरीर में विटामिन सी की काफी जरूरत पड़ती है, इसलिए आंवला, संतरा जरूर खाएं। ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, क्योंकि संक्रमण ऐसी जगहों पर सबसे ज्यादा होता है।

## खांसी-सांस संबंधी परेशानी

शुरुआती सर्दियों में ही इस कदर प्रदूषण बढ़ जाता है कि अस्थमा और एलर्जी बढ़ जाती है। इस कारण धूल और ठंडे वातावरण का सीधा असर फेफड़ों पर पड़ता है। इससे बचाव का आसान तरीका यह है कि मास्क का उपयोग करें। अदरक, शहद का मिश्रण शाम-सुबह लें। घर को साफ रखें और नमी से बचाएं। वायु गुणवत्ता पर भी नजर रखें और अगर यह बहुत खराब हो तो घर से बाहर निकलने में परहेज करें।

## ड्राइ स्किन

सर्दियां शुरू होते ही कम नमी की स्थितियां बन जाती हैं। कई बार सर्दियां शुरू होते ही लोग गर्म पानी में नहाने लगते हैं और फिर ठंडी हवाओं के संपर्क में आ जाते हैं, जिससे त्वचा में नमी खत्म हो जाती है। इससे बचाव का कारगर तरीका यही है कि मॉयश्चराइजर का नियमित इस्तेमाल करें। नहाने के तुरंत बाद, नारियल, बादाम या जो भी तेल आप नियमित लगाते हों, लगाएं। इन दिनों विटामिन ई और ओमेगा 3 से भरपूर भोजन करें और पर्याप्त पानी पीकर त्वचा को हाइड्रेट रखें।

## जोड़ों का दर्द



इस उम्र में आमतौर पर जोड़ों का दर्द उन युवाओं को होता है, जो एथलीट होते हैं या फिजिकल एक्टिविटी में खूब हिस्सेदारी करते हैं। दरअसल, इसकी वजह यह होती है कि ठंड के कारण शरीर का रक्तसंचार धीमा हो जाता है। इसलिए शरीर में पहले से ही मौजूद किसी चोट या पुरानी दर्द की समस्या फिर से उभर आती है। इससे बचाव के लिए लगातार हल्के और नियमित व्यायाम करें। विभिन्न योगासनों के जरिए शरीर को गर्म रखें। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, गर्म पानी से नहाएं, ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त भोजन करें।

## हाइपोथर्मिया

अगर सर्दी के दिनों में विशेषकर शुरुआती ठंड में ज्यादा समय तक ठंड में रहते हैं तो हाइपोथर्मिया या ठंड लगने की शिकायत हो सकती है। इसकी वजह पर्याप्त गर्म कपड़े ना पहनना होता है। इससे बचने का कारगर तरीका यह है कि लेयरिंग वाले कपड़े पहनें, सुबह शाम ही नहीं दोपहर में भी अदरक वाली चाय पीएं। रात को सोते समय हल्दी वाला दूध और जब भी पानी पीएं तो गर्म पानी पीएं। इससे ठंड से पूरी तरह से बचाव हो जाता है। घर में भी ऐसे लोगों को नंगे पैर नहीं चलना चाहिए, जो हाइपोथर्मिया या ठंड लगने का शिकार हों।

अगर इन उपायों को आजमाते हैं तो इन दिनों सर्दी की शुरुआत में युवाओं को होने वाली कई तरह की समस्याओं से काफी हद तक आप बचे रहेंगे। *

### सीजनल डिप्रेशन



हम सब जानते हैं कि सर्दियों में कम से कम उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में धुंध और कोहरा छाया रहता है। यह स्थिति अपने आपमें डिप्रेशन पैदा करती है। इससे बचने का एक ही तरीका है कि सुबह के समय जितना भी समय मिले, सूरज की रोशनी में बिताएं। नियमित व्यायाम करें ताकि मूड बेहतर रहे और अनुशासित ढंग से संतुलित और पौष्टिक आहार लें। इसके अलावा अपनी हॉबीज को समय दें। अपने फ्रेंड्स और रिलेटिव्स से बातें करें, म्यूजिक सुनें। इससे टेंपरेरी डिप्रेशन से बचे रहेंगे।

---

**फिटनेस फंडा**

अंशुल त्रिवेदी

# फिटनेस को लाइफ के लिए बहुत इंपॉर्टेंट मानता हूं

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में जुगल सीतलवाड़ के रोल में अंशुल त्रिवेदी नजर आ रहे हैं। अंशुल एक्टिंग के साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखते हैं। इसके लिए वे क्या करते हैं, फिटनेस उनके लिए क्या मायने रखती है, यहां अंशुल त्रिवेदी बता रहे हैं अपनी जुबानी।



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी-फिट रहना मैं बहुत जरूरी मानता हूं। मेरा मानना है कि जीवन पर नियंत्रण पाने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को मजबूत बनाना जरूरी है। कमजोर व्यक्ति अपने मन-जीवन को नियंत्रित नहीं कर सकता है। इसलिए फिट रहना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मैं पूरी तरह मानता हूं कि शारीरिक ताकत से मानसिक संतुलन और जीवन में अनुशासन आता है। यही फिटनेस के प्रति मेरे विजन को डिफाइन करता है।

**स्मार्ट दिखना है जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम और स्मार्ट दिखना तो जरूरी है ही, हेल्दी-फिट-एनर्जेटिक फील करना भी जरूरी है। एक्चुअली मेरा प्रोफेशन ही ऐसा है, जिसमें दोनों ही चीजें समान रूप से जरूरी हैं। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। लेकिन प्रोफेशनल डिमांड की वजह से कभी-कभी मैं लुक्स को अधिक महत्व दे देता हूं।

**डेली डाइट प्लान:** मैं बेसिक डाइट को फॉलो करता हूं। डीप फ्राई फूड्स और जंक फूड से बचता हूं। हालांकि इनका मैं बेहद शौकीन हूं लेकिन हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए इन्हें अवॉयड करता हूं। घर में बना ताजा पौष्टिक, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर खाना मैं खाता हूं। शाम को जल्दी डिनर कर लेता हूं और रात 8 बजे के बाद खाने से परहेज करता हूं। इसके साथ ही डेली कम से कम 12 घंटे की फास्टिंग करने की भी कोशिश करता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा ऐसा कोई वर्कआउट का हार्ड रूल नहीं है। मुझे जब भी समय मिलता है, वर्कआउट करता हूं। इसलिए मैंने 24 घंटे खुलने वाले जिम की मेंबरशिप ली हुई है। सुबह-शाम जब भी टाइम मिलता है, मैं जिम जाकर वर्कआउट कर लेता हूं। मेरा मानना है कि मेंटल फिटनेस, फिजिकल फिटनेस का बेस है और इसी तरह फिजिकल फिटनेस, काफी हद तक मेंटल फिटनेस पर डिपेंड करती है। मैं दोनों पर ध्यान देता हूं। इसके लिए एक्सपर्ट्स से ट्रेनिंग लेना बेहद जरूरी है। मेरे पास ट्रेनर्स और डॉक्टर्स की एक टीम है, जो मेरे न्यूट्रिशन और वर्कआउट प्लान को मैनेज करते हैं।

**मेंटली रहता हूं फिट:** मेरा मानना है कि बचपन से अच्छी परवरिश, हमारी मेंटल हेल्थ का खयाल रखती है। जब बचपन में एक पॉजिटिव माहौल घर-परिवार में मिलता है, तो मेंटल फिटनेस स्वाभाविक रूप से आती है। इससे दिमाग सही सोच के साथ विकसित होता है। मुझे लगता है मेंटल फिटनेस, कोई ऐसी चीज नहीं होती है, जिसे अलग से प्राप्त या मैनेज करना पड़े। यह हमारी लाइफस्टाइल, माहौल और सोच पर डिपेंड करता है। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

---

**घरेलू औषधि**

# स्वास्थ्यरक्षक-रोगनाशक लौंग



लौंग के नाम से गांव शहर के सभी लोग परिचित हैं। हर किसी ने किसी रूप में लौंग का प्रयोग किया होगा। पान वाले से लेकर घर की रसोई तक पाई जाने वाली लौंग में कुदरत ने कई स्वास्थ्यरक्षक गुण भी भर रखे हैं। क्लोव, लवंग, देव कुसुम, श्रीसंज्ञ, श्रीपुष्प, ग्रहणी हर, दिव्यगंध और श्रीप्रसूनक नाम से भी इसे जाना जाता है।

**औषधीय प्रयोग:** लौंग को कई तरह से रोग निवारण के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

- मुंह से या सांस में बदबू आने की समस्या का सामना कर रहे हों तो दो लौंग मुंह में रखकर चूसना हितकर है।
- कुकुरखांसी से पीड़ित को दो लौंग को आग पर भून कर पीस कर शहद में मिलाकर चटाना चाहिए।
- दांत दर्द के लिए जगत विख्यात लौंग के तेल को दर्द वाले दांत पर लगाना लाभकारी है।
- आधा सीसी से पीड़ित व्यक्ति को आराम के लिए पांच ग्राम लौंग को पीसकर पानी में मिलाकर कान के आस-पास लेप लगाना आरामदायक है। लेकिन ध्यान रखें कि यह आंख में ना लगने पाए।
- सर्दी के कारण होने वाले सिरदर्द में आराम के लिए दो लौंग जरा सा अफीम मिलाकर पीसकर ललाट पर लेप लगाने से सिरदर्द में चैन मिलता है।
- छाती और गले में जमे कफ को निकालने के लिए दो चुटकी लौंग का चूर्ण एक कप पानी में उबाल कर चौथाई पानी कर लें फिर ठंडा कर छानकर गुनगुना पीना, बलगम को निकाल कर आराम देगा।
- दो लौंग, एक आकड़े का फूल और एक चुटकी काला नमक मिलाकर पीस कर गोली बना मुंह में रख कर चूसना श्वासं रोग में आरामदायक है। इससे दमा में तो फायदा होगा ही सांस की नली के विकार भी नष्ट होते हैं।
- हैजा होने पर प्यास ज्यादा लगती है, ऐसे में लौंग बहुत मददगार साबित होती है। पांच लौंग लेकर एक लीटर पानी में डालकर उबाल लें। ढंक कर छानकर रख लें। इसमें से दो-दो चम्मच पानी थोड़ी-थोड़ी देर में मरीज के मुंह में डालते रहने से प्यास में आराम मिलेगा। इससे बेचैनी भी काफी कम होगी।
- गर्भवती महिलाओं को होने वाली (वमन) उल्टी की समस्या बहुत परेशान कर देती है। ऐसे में लौंग का चूर्ण एक ग्राम मिश्री की चासनी और अनार के रस में मिला कर देने से तुरंत उल्टी बंद होती है।
- लौंग को पानी में उबाल कर ठंडा कर पिलाना भी लाभकारी है।
- पुरुषों में यौन शक्ति की कमी संबंधी परेशानियों में सहायक है लौंग। इसके लिए लौंग और जायफल को घिसकर नाभि पर लेप लगाना फायदेमंद है।
- पुराने से पुराना घाव भरने में मददगार है लौंग। इसके लिए लौंग और हल्दी को पीस कर लगाना चाहिए।
- किसी वजह से छाती में जलन होने लगे तो दो-चार लौंग को ठंडे पानी में पीसकर मिश्री मिलाकर पीने से छाती की जलन में चैन मिलता है।
- दस्त आने पर एक ग्राम लौंग और तीन ग्राम बहेड़ा को कूट पीस कर काढ़ा बनाएं। इसमें जरा सा सेंधा नमक मिलाकर दिन में दो बार पिलाना लाभकारी है। लौंग के चूर्ण की मात्रा एक से दो ग्राम और इसके तेल की मात्रा एक से तीन या चार बूंदें ही डालें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय उपचार सामान्य हैं। इनका प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---

# सर्दियों में शरीर को गर्माहट दे उष्ट्रासन

सर्दियों में हमें ऐसी गतिविधियों की जरूरत होती है, जिनसे हमारे शरीर को जरूरी गर्माइश मिलती रहे। उष्ट्रासन इसके लिए सबसे कारगर उपाय है। हालांकि इसे नियमित करने से शरीर को कई और भी फायदे होते हैं। इसकी विधि, फायदों के बारे में जानिए।

**योगोपचार**

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने के कई फायदे होते हैं। उष्ट्रासन से कई और महत्वपूर्ण फायदे हैं, जो सर्दियों में हमारे बहुत काम के होते हैं।

**उष्ट्रासन के फायदे:** सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से फेफड़े खुलते हैं। शरीर को गहरी सांस लेने में सहूलियत होती है। कमर के निचले हिस्सों में सर्दियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इसे करने से कूल्हों में लचीलापन आता है। हमारा पॉश्चर सुधरता है। शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। पेल्विक मसल्स को मजबूती मिलती है। सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से थकान दूर होती है, मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द में राहत मिलती है। साथ ही सर्दियों में उष्ट्रासन करने से शरीर में ऊर्जा का नियमित संचार होता है। शरीर लचीला होता है और मांसपेशियों में खून का प्रवाह प्रचुर मात्रा में रहता है। नियमित रूप से उष्ट्रासन करने पर यह हमारे शरीर के रक्तप्रवाह तंत्र को सुचारु बनाता है। इससे सांस लेने के सिस्टम, मांसपेशियों, एंड्रोकाइन और अस्थि पंजर को मजबूत बनाने में मदद मिलती है, इससे डायबिटीज, अस्थमा, थायरॉयड, स्पांडेलाइटिस या ब्रांकाइटिस में राहत मिलती है।



**आसन करने का सही तरीका:** सबसे पहले अपने योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब बाजुओं को धड़ के साथ रखकर अपने घुटनों पर खड़े हो जाएं। इस दौरान घुटनों को एक साथ जोड़कर रखें और पैरों को भी। लेकिन अगर मुश्किल लगे तो जबर्दस्ती बिल्कुल ना करें। अब थोड़ा-थोड़ा पीछे की तरफ झुकना प्रारंभ करें और फिर दाएं हाथ से दाईं एड़ी को और बाएं हाथ से बाईं एड़ी को पकड़ने की कोशिश करें। इस दौरान गर्दन को बिल्कुल ढीला छोड़ देना चाहिए। इस पर जरा सा भी तनाव ना हो। पहले सांस भीतर की ओर खींचें और रीढ़ की निचली हड्डी को आगे की तरफ धकेलने की कोशिश करें। इस दौरान ध्यान दें कि शरीर का पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए यानी नाभि पर खिंचाव का एहसास होना चाहिए। उष्ट्रासन करते समय अपनी कमर को जितना पीछे मोड़ सकें मोड़ें, फिर धीरे से हथेलियों की पकड़ पैरों पर मजबूत बनाएं। इस दौरान आंखें और चेहरा बिल्कुल आसमान की तरफ 90 डिग्री का कोण बना रहे हों। पीठ को धनुष जैसा बनाए रखने के लिए अपनी भुजाओं को कंधों का सहारा दें, जितनी देर तक आराम लगे, उतनी देर तक ही करें। 30 से 60 सेकेंड सही होता है। अंत में धीमी गति से हाथों को एड़ियों से हटाएं और शुरू की स्थिति में लौट आएं।

**रखें ध्यान:** उष्ट्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना जरूरी होता है। मसलन, यह एक साधारण आसन है, फिर भी इसे 30 से 60 सेकेंड तक ही करें। इसे दोहराएं नहीं। जब आसन कर रहे हों तो ध्यान दें कि निचले पेट, जांघों, गले, टखने, जांघ की मांसपेशियों, गले और सामने के संपूर्ण शरीर पर अच्छी तरह से खिंचाव महसूस हो। अगर आपकी पीठ के निचले हिस्से में किसी भी तरह का दर्द है या कभी चोट लगी है तो उष्ट्रासन बिल्कुल ना करें। अगर थायरॉयड काफी बढ़ा हुआ है, तो भी उष्ट्रासन नहीं करना चाहिए। अनुभवी योगाचार्य से इसे अच्छी तरह सीखने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिए। *



28112024-Cit-10_Layout 1 11/28/2024 12:36 AM Page 1



# एरीज एग्रो लिमिटेड ने धूमधाम से मनाया 55वां स्थापना दिवस

**रायपुर।** एरीज एग्रो लिमिटेड ने अपनी 55वीं वर्षगांठ का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस विशेष अवसर पर कंपनी ने अपने सभी कर्मचारियों, किसानों, डीलरों और विक्रेताओं के लिए मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ और महामाया मंदिर रतनपुर में अन्नदानम (भंडारा) का आयोजन किया। इसमें हजारों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया और कंपनी की सफलता की शुभकामनाएं दी। इस आयोजन में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी डीके तिवारी ने भी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य भर में अपने व्यापारिक सहयोगियों और किसानों के साथ केक काटकर स्थापना दिवस की खुशी साझा की गई। इस वर्षगांठ के खास मौके पर एरीज एग्रो ने एक नई पहल भी शुरू की - ड्रोन यात्रा। इस ड्रोन यात्रा का उद्देश्य पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों को ड्रोन की तकनीकी जानकारी प्रदान करना है, जिससे उन्हें कृषि में उन्नति और तकनीकी सहयोग मिल सके।



### कृषि क्षेत्र में भी योगदान

एरीज एग्रो लिमिटेड का 55वां स्थापना दिवस इस बात का प्रतीक है कि कंपनी ने पिछले 55 वर्षों में न केवल कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि तकनीकी और सामाजिक पहलुओं में भी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# भारतीय पोल्ट्री इंडस्ट्रीज को आगे बढ़ाने कार्य करने की जरूरत

**राजनांदगांव।** आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने हैदराबाद में आयोजित पोल्ट्री इंडस्ट्रीज सम्मेलन में प्रमुख वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इंडस्ट्रीज को आगे बढाने एक बायलाज की आवश्क्ता पर जोर दिया। वहीं भारतीय इंडस्ट्रीज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए। जबकि हम स्वयं आगे बढ़ने के लिए कार्य कर रहे हैं। देशभर से शामिल हुए पोल्ट्री इंडस्ट्रीज से जुड़े कारोबारियों को हैदराबाद में हुए सम्मेलन के दौरान एक लीडर के रूप में आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्रीज में होने वाली समस्याओं को सामने रखा। वहीं इसकी बेहतरी के लिए भी अपने सुझाव रखे। श्री अली ने इस मौके पर जोर देते कहा कि पोल्ट्री इंडस्ट्रीज से जुडे कारोबारी अपने-अपने लाभ के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसा कोई बायलाज नहीं है, जिस पर अमल कर भारतीय पोल्ट्री इंडस्ट्रीज को आगे बढ़ाया जा सके। एक बायलाज एक संगठन का होना बेहद आवश्यक है।



### रोड मैप होना आवश्यक

उद्योगपति श्री अली ने कहा कि इंडस्ट्रीज को आगे बढ़ाने एप टैक्नालाजी अपनाई जानी चाहिए। जिससे होने वाली गड़बड़ियों को हम स्वयं देख सके और उस गड़बड़ियों को सुधार कर सके। उन्होंने अपने विचार रखते कहा कि नए जनरेशन के लोग इस इंडस्ट्रीज पर कार्य कर रहे हैं, उन्हे आगे बढ़ने के लिए एक ग्रुप के रूप में काम करना आवश्यक है। जिसके लिए एक रोड मैप होना चाहिए। जिससे आगे मजबूत होकर बैंक के सामने जा सके। हमारी इंडस्ट्रीज रोजगार देने वाली है, अन्य कंपनियों के बायलाज हैं, यहां हर आदमी अपना बायलाज बनाती है। टॉप कंपनियों को बायलाज बनाना चाहिए।

### आदिवासियो को सशक्त करने आईबी ग्रुप ने लिया संकल्प

*समारोह को संबोधित करते हुए आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने कहा कि हमारा समूह देश के आदिवासियो को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होने बताया कि गरीब महिलाओं को पोल्ट्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे उन्हें सालाना एक से डेढ़ लाख रूपए की आय होगी।*

### नए लोगों को आगे आना चाहिए

*सबको आगे बढ़ना है - दौड़ना है अच्छी बात है। आज दस करोड़ लोग देश में जुड़े हैं, उनका स्वास्थ्य अच्छा चाहिए। आज कौन सा ऐसा काम है, जो नहीं हो सकता। नए लोगों को इंडस्ट्रीज में आना चाहिए, हम किसानों और गांव के लिए काम कर रहे हैं, जिसे प्रुफ नहीं कर पा रहे हैं। हमने सरकार को अपनी इंडस्ट्रीज के बारे में बताने में काम नहीं कर पा रहे। एक सेन्ट्रल कमेटी होनी चाहिए, जो इंडस्ट्रीज की बात आगे रख पाए।*

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष में 50 हजार करोड़ जुटाए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष में अबतक कुल 50,000 करोड़ रुपये तक का वित्त जुटाया है जिसमें ढांचागत क्षेत्र के लिए जारी बॉन्ड से जुटाए गए 10,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने इस महीने की शुरुआत में जारी अपने सातवें अवसंरचना बांड के जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। एसबीआई ने बयान में कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अबतक 5,000 करोड़ रुपये के एटी1 बांड, 15,000 करोड़ रुपये के टियर 2 बांड और 30,000 करोड़ रुपये के लॉन्ग टर्म बांड बेहद प्रतिस्पर्धी दरों पर जुटाए हैं।

# चांदी 5,200 के उछाल के साथ 95,000 रुपए के पार, सोना 650 रुपए मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की जोरदार लिवाली के बीच बुधवार को सराफा कीमतों में दो दिन की भारी गिरावट के बाद तेजी लौटी। इस दौरान चांदी 5,200 रुपये के एक दिन के सबसे बड़े उछाल के साथ 95,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 650 रुपये बढ़कर 78,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में सोने में 2,250 रुपये की गिरावट आई थी। मंगलवार को यह 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 950 रुपये की तेजी के साथ 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत में 5,200 रुपये की एक दिन की सबसे बड़ी तेजी देखी गई।

## दो दिन की भारी गिरावट के बाद लौटी तेजी



### दो सप्ताह के अंतराल के बाद 95 हजार का स्तर

यह तेजी दो सप्ताह के अंतराल के बाद 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले चांदी की कीमत में सबसे बड़ी एक दिन की वृद्धि 21 अक्टूबर को दर्ज की गई थी, जब इसमें 5,000 रुपये की तेजी आई थी। इससे पिछले दो दिन में चांदी में 2,700 रुपये की गिरावट आई थी और मंगलवार को यह 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### ट्रंप की शुल्क योजना ने सोने में निवेश बढ़ाया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक -जिंस सौमिल गांधी ने कहा, "भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क योजनाओं ने सोने में निवेश को बढ़ावा दिया और उसे अपनी खोई हुई जमीन को वापस पाने में मदद की।

### भू-राजनीतिक तनाव से भी उतार-चढ़ाव

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर में उतार-चढ़ाव के कारण बाजार में मजबूती के साथ कारोबार हुआ। सोने में व्यापक तेजी का रुझान बरकरार है, लेकिन अल्पकालिक अनिश्चितता बनी हुई है।'

## ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग, (बैंकिंग प्रभार)
797– द्वितीय तल शांति कुन्ज, जबलपुर (म.प्र.)– 482001

**ई-नीलामी सूचना** **ई-नीलामी क्रमांक- 307/2024**

**Case No.:RC 471/2018 in O.A. No.956/2017**

**CANARA BANK वि.** M/S CHITRAKOT GAS AGENCY **एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No.** Case No.: RC 471/2018 in O.A. No.956/2017 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.23,55,050.00 (Rupees Twenty Three Lakh Fifty Five Thousand Fifty only)** तथा उस पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक 31.10.2017 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई–नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

**ई– नीलामी की तिथि एवं समय: 30-12-2024 दोपहर– 12.00 से 01.00**

**सम्पत्ति की अनुसूची–**

Residential property on House No. 15, at part of Khasra No. 433/3, P.H. No. 113, Maharshi Valmiki Ward No. 28, Avanti Vihar, Mouza- Telibandha, Near Aarang Road, Tehsil and District-Raipur (C.G.) area admeasuring 1053 sq.ft., property in the name of **Sanjay Kumar s/o Shri Durga Prasad**

प्रारक्षित मूल्य- : Rs. 40,00,000.00 (Rupees Forty Lakhs only)

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए अधिक विवरण हेतु **M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website- https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24**, for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** 2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर ले। 3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें) 4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी)हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये **price priceRs.4,50,000.00 (Rupees Four Lakh Fifty Thousand only)** है RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित **5692799461**in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with **CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:CBINO281618)** and the remittance must be5.clearly mentioned in the bid form. में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा। 5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक **27.12.2024** अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी. 6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें. 7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम **Rs.40,000.00 (Rupees Forty Thousand only)** होगीं ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा। 8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगीं इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगीं। 9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी है होगी। 10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित कमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारी करने के पश्चात पुन: विक्रय की जायेगीं अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त करली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगें। 11. संपत्ति "जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगीं। 12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **23-12-2024** प्रात: 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा। 13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा। 15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Ranjan Kumar Pani, Chief Manager, Mob. No. 9140476074** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरहं से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। 16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd.**, website: **https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24**, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; **E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** 17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Ranjan Kumar Pani, Chief Manager, Mob. No. 9140476074.** से प्राप्त की जा सकती हैं। 18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वत: सुनिश्चित करनी होगीं डीआरटी/बैंक /सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान– जबलपुर**
**दिनांक– 18/11/2024**

वात्सल्य कुमार
वसूली अधिकारी

## बिजनेस साइट

### डाबर च्यवनप्राश की पहलः रायपुर में बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाने विशेष अभियान



**रायपुर।** सर्दी के मौसम में सर्दी , खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्राश काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है। डाबर ने रायपुर शहर में यह अभियान शुरू किया, जहां 250 से अधिक बच्चों के साथ वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था।

### श्रीराम फाइनेंस ने दिग्गज राहुल द्रविड़ के साथ शुरू किया कैंपेन 'टुगेदर, वी




**रायपुर।** देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने 'टुगेदर, वी सोअर', एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आज, कई भारतीय 'तो क्या?' के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है।

### आईटी क्षेत्र में अगले छह माह में नियुक्तियों में 12% वृद्धि की उम्मीद



**मुंबई।** प्रौद्योगिकी के तेज विकास से अगले छह महीनों में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में नियुक्तियों में 10-12 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। प्रौद्योगिकी का विकास दुनिया भर में उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार दे रहा है। व्यापार सेवा प्रदाता क्वेस कॉर्प की रिपोर्ट के अनुसार, जनरेटिव एआई, डीप टेक और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां 2030 तक 10 लाख से अधिक नौकरियों का सृजन करेंगी।

### एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में जागते हुए मरीज की सफल ब्रेन ट्यूमर सर्जरी




रायपुर। एमएमआई नारायणा अस्पताल रायपुर ने छत्तीसगढ़ में पहली बार जागते हुए मरीज की क्रैनियोटोमी और न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक का उपयोग करते हुए ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी की। यह उन्नत और अत्यधिक सटीक प्रक्रिया 25 वर्षीय मरीज के लिए नई उम्मीद लेकर आई है और अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. घनश्याम ससापारधी ने किया, जो ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में विशेष अनुभव रखते हैं। मरीज को बार-बार दौरे पड़ने की समस्या थी और मस्तिष्क के उस हिस्से में ट्यूमर पाया गया था, जो बोलने और शरीर के दाहिने हिस्से की गतिविधियों को नियंत्रित करता है। चूंकि ट्यूमर का स्थान संवेदनशील था, इसलिए डॉक्टरों ने जागते हुए क्रैनियोटोमी करने का निर्णय लिया। सर्जरी के दौरान मरीज को स्थानीय एनेस्थीसिया दिया गया ताकि वह पूरी तरह से चेतन अवस्था में रहे। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर्स मरीज को हिलाने के लिए कहते रहे, ताकि मस्तिष्क की गतिविधियों का सही तरीके से मूल्यांकन किया जा सके। न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक ने इस प्रक्रिया को और भी सटीक और सुरक्षित बनाया, जिससे स्वस्थ मस्तिष्क संरचना को नुकसान से बचाया जा सका। इस तकनीक के माध्यम से सर्जरी के दौरान मरीज को लकवे का खतरा कम हुआ और उसकी रिकवरी भी तेज हुई।

#### सर्जरी के तीसरे दिन मरीज को छुट्टी

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेज सुधार देखा गया और सर्जरी के तीसरे दिन वह अस्पताल से स्वस्थ होकर छुट्टी ले सका। इस सफलता में डॉ. एच.पी. सिन्हा, डॉ. राकेश चंद, डॉ. धर्मेश कुमार लाड और डॉ. प्रदीप शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




लखमा का बड़ा बयान

# बैलेट से नहीं, तो कांग्रेस पूरे देश में नहीं लड़ेगी कोई भी चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा ने बुधवार को बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते कहा कि आने वाले समय में देश मे कही भी ईवीएम से चुनाव होता है, तो कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी।



कांग्रेस पार्टी की मांग है कि जब तक बैलेट पेपर से चुनाव नहीं किया जाता है, तब तक पार्टी अपना विरोध जताते रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हुए चुनाव में गड़बड़ी सामने आई थी। जिसके बाद यह कहा गया कि छत्तीसगढ़ जैसा हाल हरियाणा में होगा। यही कारण है कि एआईसीसी की बैठक में भी तय हो चुका है कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव नहीं किया जाता है तो कांग्रेस समूचे देशभर में ईवीएम के खिलाफ आंदोलन करेगी।

## लखमा ने पत्रकारों के एक सवाल पर कहा

उन्होंने कहा कि हम चुनाव से नहीं डरते बल्कि, निष्पक्ष चुनाव हो पार्टी का शुरू से स्टैंड है। चुनाव से तो डरने वाले भाजपा के नेता हैं। अगर बैलेट पेपर से चुनाव हो जाता है, तो सब साफ हो जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित उमाशंकर शुक्ला, शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य व ओंकार जसवाल उपस्थित थे।

## केदार का पलटवार, कहा मानसिक संतुलन खो बैठे



**रायपुर।** कांग्रेस नेता कवासी लखमा के बयान पर पलटवार करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस के लोग अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। जब ईवीएम लागू हुआ तब किसकी सरकार थी? जहां उनकी सरकार बनती है, वहां उनके लिए ईवीएम सच्चा साथी हो जाता है। जब हार जाते हैं तो ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते है। यह लोग कभी लोकतंत्र पर विश्वास नहीं करने वाले लोग हैं। उनकी आस्था और इनका विश्वास केवल गांधी परिवार तक सीमित है।

70 लाख का कोयला व दो लोडर चोरी होने से चल रहे थे परेशान

# बड़े भाई के मोबाइल में सुसाइड नोट भेजकर कोयला व्यापारी ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चार व्यापारियों द्वारा 70 लाख रुपए का कोयला बेचे जाने और दो लोडर चोरी होने से परेशान कोयला व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की, कार्रवाई नहीं होने उक्त कोयला व्यापारी ने मोबाइल से बड़े भाई को मैसेज कर सरगांव में कार के अंदर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सरगांव पुलिस के अनुसार तिफरा आर्या कालोनी निवासी नरेन्द्र कुमार कौशिक पिता स्व. रूपचंद कौशिक सरगांव खपरी रोड में अमीषा ट्रेडर्स के नाम पर कोलडिपो चलाते थे। मंगलवार की रात उन्होंने बड़े भाई ओम प्रकाश कौशिक के मोबाइल में सुसाइड नोट भेजकर सरगांव सरस्वती स्कूल के पास अपनी कार में जहर खा लिया।



### कार्रवाई की जाएगी

सरगांव क्षेत्र में कार में बैठकर कोयला व्यापारी ने जहर खाया था। मृत्यु की सूचना पर सरकण्डा पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है। सरकण्डा थाने से डायरी मिलने पर परिजन से सुसाइड नोट की मूल कापी जब्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष कुमार शर्मा,** सरगांव थाना प्रभारी

### चार कोयला व्यापारियों पर लगाए गंभीर आरोप

मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा है उनका 70 लाख से अधिक रुपए का कोयला जिसका एक नम्बर में बिल और टीपी है, जिसे मेरे मुंशी राजेश कोटवानी, देवेन्द्र उपवेजा, सुरज प्रधान, संजय भट्ट बेचकर भाग गए हैं और दो लोडर भी ले गए हैं। पुलिस वाले कोई कारवाई नहीं कर रहे हैं। कृपया कर मेरे घरवालों को ले जाकर लेटर दिखाइए। सबसे विनती है मैं बर्बाद हो गया हूं। मजबूरी में गलत कदम उठा रहा हूं। मेरे लोडर की किश्त नहीं पट रही है। निवेदन है कि मुझे इन्साफ दिलाएं।

# खड़ी पहाड़ियों के बीच उल्टा बना है ये शिव मंदिर, नींव भी नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई



आमतौर पर इमारतों का निर्माण नींव से शुरू होकर ऊपर तक किया जाता है, लेकिन तमिलनाडु में स्थित एक मंदिर इस नियम को तोड़ता है। बिना नींव के उल्टा बना यह मंदिर हर किसी को चौंका देता है। कलगुकुमाला केतवान कुदैवर मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में पांड्य राजा ने करवाया था। कहा जाता है कि इसका निर्माण पांड्य राजा मरंजदायन ने करवाया। यह मंदिर तमिलनाडु के तंजौर मंदिर से भी प्राचीन माना जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इस मंदिर को 'बी' आकार की एक बड़ी पहाड़ी को ऊपर से नीचे तक तराशकर बनाया गया है। उस समय के कारीगरों की कुशलता का प्रमाण यह है कि पहाड़ी को काटकर एक पूर्ण मंदिर का आकार देना अपने आप में एक चमत्कार जैसा है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com